हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### महात्मा गांधी के पोते अरुण मणिलाल गांधी का निधन

(एजेंसी) कोल्हापुर। सुशीला और मणिलाल गांधी के बेटे और महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का मंगलवार सुबह महाराष्ट्र के कोल्हापुर में निधन हो गया। उनके बेटे ने यह जानकारी दी। वह 89 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनके बेटे तुषार, बेटी अर्चना, चार पोते और पांच परपोते हैं। खुद को पीस फार्मर बताने वाले अरुण गांधी का अंतिम संस्कार आज शाम कोल्हापुर में होगा। उन्होंने बेथानी हेगेडस के साथ कस्तूरबा, द फॉरगॉटन वुमन, ग्रैंडफादर गांधी और इवान तुर्क द्वारा सचित्र, द गिफ्ट ऑफ एंगर एंड अदर लेसन फ्रॉम माई ग्रैंडफादर महात्मा गांधी आदि किताबें लिखीं।

### एडीबी प्रमुख से मिलीं सीतारमण, कहा-प्रमुख भागीदार बना रहेगा भारत

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जो वर्तमान में दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं, ने मंगलवार को इंचियोन में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसात्सुगु असकावा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि ऋण देने वाली एजेंसी के संप्रभु और गैर-संप्रभुसंचालन के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण देश बना हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एडीबी की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए इंचियोन पहुंची केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के इतर असाकावा से मुलाकात की। सीतारमण ने बैंक की ऋण क्षमता बढ़ाने के लिए नवीन वित्तपोषण तंत्र के लिए एडीबी को समर्थन भी व्यक्त किया। सीतारमण ने असाकावा से आग्रह किया कि वे अधिक रियायती जलवायु वित्त के साथ भारत का समर्थन करें, क्योंकि देश की आर्थिक और विकासात्मक प्रगति का क्षेत्रीय और विश्व स्तर पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

### राघव चड्ढा ने दिल्ली शराब घोटाले में नाम आने पर दिया जवाब

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का भी नाम शामिल किया गया है। इसे लेकर अब ।च् सांसद राघव चड्ढा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि न्यूज रिपोर्ट में मुझे ईडी की ओर से आरोपी के रूप में नामित किए जाने की खबर चल रही है, जो कि पूरी तरह से गलत और दुर्भावनापूर्ण हैं। मैं मीडिया से इस तरह की दुर्भावनापूर्ण रिपोर्टिंग से बचने और एक सफाई देने करने का अनुरोध करता हूं. ऐसा नहीं होने पर मुझे कानूनी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### डीके शिवकुमार के हेलीकॉप्टर से टकराई चील, बाल-बाल बचे कांग्रेस नेता

(एजेंसी) बेंगलुरु। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार के हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के एक हवाईअड्डे पर मंगलवार दोपहर को आपात स्थिति में उतारा गया। दरअसल, हेलीकॉप्टर को होसकोटे के पास एक चील ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उसे आपात स्थिति में उतारा गया। कांग्रेस नेता कोलार जिले के मुलबगल में एक जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। शिवकुमार के करीबी सूत्रों ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने बेंगलुरु में जाक्कुर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी लेकिन हेलीकॉप्टर को होसकोटे के पास एक चील ने टक्कर मार दी थी। इस घटना के दौरान उनके कैमरामैन को मामूली चोटें आईं। वह एक चुनावी रैली के लिए मुलाबागिलु जा रहे थे।

## योगी ने गिनाईं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

# प्रयागराज की धरती अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती : योगी

### करम-प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा

(संवाददाता)



लखनऊ। प्रयागराज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रयागराज की धरती है, यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती है। प्रकृति न्याय जरूर करती है। अतीक और अशरफ का नाम लिए बगैर कहा कि कहा कि जो जैसा करेगा उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने न्याय कर दिया। कुछ लोगों ने प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का केंद्र बना दिया था, लेकिन धरती सबका हिसाब बराबर कर देती है। प्रकृति न अन्याय करती है न ही अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त करती है। तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है जो जैसा कर्म करता है उसको वैसा ही फल मिलता है। प्रयागराज में भाजपा ने सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उत्तर प्रदेश कि पहचान कट्टे से नहीं आईटी स्किल के रूप में जानी जाएगी। 2025 का कुंभ ऐतिहासिक होगा। स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित होगा। इसके लिए अभी से लगना होगा। योगी ने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास, आठ करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। 220 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका मुफ्त में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा का मतलब सबका साथ और सबका विकास। भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सबका विकास किया जा रहा है। उन्होंने जनधन योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास योजना, मुफ्त अनाज, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को गिनाया। भाजपा प्रत्याशी गणेश केसरवानी की मंच से तारीफकरते हुए कहा, गणेश एक सामान्य कार्यकर्ता है। पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। प्रयागराज के लूकरगंज में निकाय चुनाव के लिए आयोजित रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी गणेश केसरवानी के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। रैली में भाषण के दौरान उन्होंने माफिया पर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि रामचरितमानस में तुलसी दास ने एक पंक्ति कही थी। करम-प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये पंक्तियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी मध्यकाल में थी। जीवन की साश्वतता का संदेश देने वाली ये पंक्तियां हमारी कर्म प्रधान व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करती हुई दिखाई देती है।

## प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खामोश क्यों हैं : राहुल गांधी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सिर्फअपने बारे में बातें करते हैं तथा अपने किसी वरिष्ठ नेता के नाम तक का उल्लेख नहीं करते। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा में सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खामोश क्यों हैं? उन्होंने दावा किया कि मोदी अपनी चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र का नाम भी नहीं लेते। राहुल गांधी ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के बारे में नहीं, बल्कि कर्नाटक के लोगों के भविष्य और उनके बच्चों के बारे में है। उनका कहना था,क्या आपने भाजपा की सभाएं देखी हैं? प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी आते हैं और किसी नेता का नाम नहीं लेते। मैं जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम लेता हूं, वैसे मोदी अपने नेताओं का नाम कभी नहीं लेते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कभी बोम्मई या येदियुरप्पा के नाम नहीं लेते, मानो उनका कोई वजूद नहीं हो। उनके मुताबिक, आज कर्नाटक में हर कोई हैरान है कि प्रधानमंत्री भाजपा के नेताओं का नाम क्यों नहीं लेते। उन्होंने आरोप लगाया कि उप निरीक्षक की भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन प्रधानमंत्री ने कभी कर्नाटक के गृह मंत्री का नाम नहीं लिया।उनका कहना था, नाम नहीं लेने का एक कारण यह है कि नरेन्द्र मोदी सिर्फनरेन्द्र मोदी के बारे में बात करते हैं।

## मायावती ने विपक्षी दलों पर लगाए गंभीर आरोप, कहा, विरोधियों ने साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडे अपनाए...

(संवाददाता)



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने विपक्षी दलों पर नगर निकाय चुनाव में साम, दाम, दंड, भेद जैसे अनेक हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया है। मायावती ने कहा कि, लोगों को वोट के अपने बहुमूल्य संवैधानिक हक और दायित्व के प्रति वफादार और ईमानदार रहते हुए मतदान करना है। बसपा नेता ने ट्वीट करके आरोप लगाया, उप्र निकाय चुनावों के लिए चार मई को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए विरोधी दलों ने साम, दाम, दंड, भेद समेत अनेक हथकंडों का लगातार इस्तेमाल किया है, लेकिन लोगों को वोट के अपने बहुमूल्य संवैधानिक हक व दायित्व के प्रति वफादार और ईमानदार रहकर ही मतदान करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव के लिए भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व अन्य विरोधी दलों ने लुभावने वादे, हवा-हवाई बातें तथा कागजी दावे करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन मतदाताओं को इनके बहकावे में नहीं आना चाहिए। मायावती ने लोगों से अपील की कि वे अपने व अपने क्षेत्र के हित एवं विकास के लिए बसपा उम्मीदवारों को ही वोट दें। प्रदेश के 37 जिलों में पहले चरण के लिए 4 मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। मतदान का समय सुबह 7:00 से शाम 6:00 बजे तक है। 13 मई को मतगणना होनी है। मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद करने का नियम है। सार्वजनिक सभा आदि भी इससे पहले ही समाप्त करनी होगी। इसलिए आज चुनाव के लिए प्रचार का आखिरी दिन है। आज शाम 6:00 बजे 37 जिलों में चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले सभी पार्टियों ने अपने आखिरी दांव खेल लिए है।

## 2020 दिल्ली दंगे : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज की... हाईकोर्ट के फैसले को रखा कायम

(एजेंसी)



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में तीन छात्र कार्यकर्ताओं को जमानत दिए जाने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दायर याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया।

जस्टिस एस के कौल और जस्टिस ए अमानुल्ला की पीठ ने दिल्ली पुलिस की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उन्हें खारिज कर दिया। दिल्ली पुलिस ने अपनी याचिकाओं में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा मामले में छात्र कार्यकर्ता नताशा नरवाल, देवांगना कालिता और आसिफ इकबाल तन्हा को जमानत दिए जाने के दिल्ली हाईकोर्ट के 15 जून 2021 के फैसलों को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा, ''विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। इस मामले में जुलाई 2021 को हुई सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने तीन कार्यकर्ताओं को दी गई जमानत रद्द करके के पहलू पर गौर करने के प्रति अनिच्छा व्यक्त की थी। इन लोगों के खिलाफकड़े आतंक रोधी कानून तथा गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले पुलिस ने अपनी दलील में कहा था कि दंगों में 53 लोग मारे गए और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। ये दंगे तब हुए थे जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रीय राजधानी में थे। पुलिस ने हाईकोर्ट के फैसले के विरोध में कहा था कि हाईकोर्ट की व्याख्या आतंकी मामलों में अभियोजन को कमजोर करेगी। बता दें कि हाईकोर्ट ने आरोपियों को जमानत देने हुए कहा था कि असहमति को दबाने की जल्दबाजी में राज्य ने प्रदर्शन के अधिकार तथा आतंकी गतिविधि के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया और अगर इस प्रकार की मानसिकता को बल मिलता है तो ''यह लोकतंत्र के लिए दुखद दिन होगा।

## कर्नाटक में कांग्रेस का मैनेफोस्टो जारी

# नफरत फैलाने वाले संगठनों पर कार्रवाई का वादा

(एजेंसी)




बेंगलुरु कर्नाटक में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही कांग्रेस ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया और नफरत फैलाने वाले संगठनों के खिलाफनिर्णायक कार्रवाई करने का वादा किया। भाजपा द्वारा अपने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) का वादा करने के एक दिन बाद, कांग्रेस ने नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों, संगठनों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया। पार्टी द्वारा किए गए कई वादों से विवाद खड़ा होने की संभावना है। घोषणापत्र में कहा गया, हम मानते हैं कि कानून और संविधान पवित्र हैं और बजरंग दल, पीएफआई जैसे व्यक्तियों और संगठनों द्वारा या बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक समुदायों के बीच शत्रुता या घृणा को बढ़ावा देने वाले अन्य लोगों द्वारा इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। हम ऐसे किसी भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई करेंगे। एक प्रमुख कदम में पार्टी ने एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और लिंगायत और वोक्कालिगा जैसे अन्य समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए अधिकतम सीमा और आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का वादा किया है। पार्टी ने अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य के लिए 10,000 करोड़ रुपये के फंड आवंटित करने का भी वादा किया है। यह सत्ता में आने के एक साल के भीतर भाजपा सरकार द्वारा पारित सभी अन्यायपूर्ण कानूनों और अन्य जनविरोधी कानूनों को रद्द करने का भी वादा करता है। घोषणापत्र में कहा गया है कि सरकार एनईपी को खारिज कर देगी और राज्य शिक्षा नीति बनाएगी। घोषणापत्र ने कश्मीरी पंडितों की सहायता के लिए एक कार्यक्रम, कश्मीरी संस्कृति को शुरू करने के लिए 15 करोड़ रुपये आवंटित करने, 25 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान और कन्नड़ और संस्कृति विभाग से 1 करोड़ रुपये का वार्षिक अनुदान देने की घोषणा की गई। इसमें कहा गया है, भाजपा ने कर्नाटक की महान आत्माओं का अपमान कर पाठ्यपुस्तकों को विकृत किया है। छात्रों को विकसित और पूर्ण बनाने के लिए कांग्रेस पाठ्यपुस्तकों में भारत और कर्नाटक के सच्चे मूल्यों और वैज्ञानिक सोच को पुर्नस्थापित करेगी। पार्टी ने डॉक्टरों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम को डीफिब्रिलेटर (एईडी) खरीदने के लिए सब्सिडी देने के लिए पुनीत राजकुमार हृदय स्वास्थ्य योजना शुरू करने का वादा किया। घोषणापत्र में अगले पांच वर्षों (2023-2028) में सिंचाई के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। इसमें 9,000 करोड़ रुपये की लागत से मेकेदातु परियोजना और 3,000 करोड़ रुपये की लागत से महादयी जैसी नई परियोजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। महादयी परियोजना के लिए पहली कैबिनेट बैठक में 500 करोड़ रुपये आवंटित करने का वादा किया गया है। यह कर्नाटक में पांच साल की अवधि में सभी महत्वपूर्ण नदियों की सफाई के लिए 1,000 करोड़ रुपये प्रदान करने की भी बात करता है। कांग्रेस ने सत्ता संभालने के दो साल के भीतर येतिनाहोल परियोजना को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### मोदी सरनेम मामला : राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

(एजेंसी) सूरत 'मोदी सरनेम' मामले में राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट गर्मियों की छुट्टियों के बाद फैसला सुनाएगी। राहुल गांधी ने सूरत कोर्ट के फैसले को गुजरात हाईकोर्ट में चुनौती दी है। राहुल गांधी को 'मोदी सरनेम' मामले में सूरत कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद कांग्रेस नेता को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके साथ ही उन्हें सरकारी बंगला खाली करना पड़ा था। सूत्रों के अनुसार, मानहानि मामले में फिलहाल राहुल गांधी को राहत नहीं मिली है। उन्होंने हाईकोर्ट से 2 साल की सजा पर रोक लगाने की मांग की थी।

## मप्र में बढ़ने वाला है दल-बदल का खेल

(एजेंसी)



भोपाल । मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर दल-बदल खेल के तेज होने की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। कांग्रेस की नजर जहां भाजपा के असंतुष्ट नेताओं पर है तो वहीं भाजपा ने कांग्रेस के जनाधार वाले नेताओं की खोज तेज कर दी है। मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में नंदकुमार साय के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के बाद से राज्य में भी दल बदल के संभावित नेताओं की चर्चाएं जोरों पर हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह इन दिनों राज्य के विभिन्न हिस्सों के दौरे पर हैं। वह पार्टी के असंतुष्ट को तो मना ही रहे हैं, साथ ही इस दौरान वे भाजपा के उन नेताओं से भी संपर्क कर रहे हैं जो असंतुष्ट चल रहे हैं और पार्टी से किनारा करने को भी तैयार हैं। भाजपा छोड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं में इन दिनों सबसे बड़ा नाम पूर्व मंत्री दीपक जोशी चर्चाओं में हैं। जोशी भी यह बात कह चुके हैं कि वे इसी सात तारीख को बड़ा फैसला करेंगे, जो उन्हें सहारा देगा उसके साथ खड़े होंगे। वर्तमान में वे भाजपा से भी नाराज चल रहे हैं।एक तरफ जहां कांग्रेस की कोशिश असंतुष्टों को मना कर भाजपा में सेंधमारी करने की है, तो वहीं भाजपा भी अपने नेताओं को मनाने में जुटी हुई है। हाल ही में दमोह से नाता रखने वाले पूर्व मंत्री जयंत मलैया के बेटे जयंत मलैया को फिर से पार्टी में शामिल कर लिया गया है, तो वहीं अब अन्य असंतुष्टों को भी पार्टी मनाने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा कांग्रेस के उन नेताओं पर उसकी खास नजर है, जिनका जनाधार है और वह पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव दोनों ही राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है।

यही कारण है कि वे चुनाव जीतने के लिए हर दांवपेच आजमाने की तैयारी में हैं। दूसरे दल के असंतुष्ट उनके लिए जीत का फार्मूला हो सकते हैं तो वे दलबदल कराने के बाद नए लोगों को टिकट देने में भी हिचक नहीं दिखाएंगे। दोनों ही दल अपने विधायकों की जमीनी स्तर से आ रही रिपोर्ट से खुश नहीं है, इसीलिए उनके लिए ऐसे व्यक्तियों की तलाश है जो चुनाव जीत सकें।

## प्रियंका 8 मई को हैदराबाद में जनसभा को करेंगी संबोधित

(एजेंसी)

हैदराबाद। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी तेलंगाना में बेरोजगारी के मुद्दे पर 8 मई को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि प्रियंका गांधी जो 10 मई तक कर्नाटक में चुनाव प्रचार के लिए डेरा डाले हुए हैं, वह वहीं से हैदराबाद आएंगी।

जनसभा सरूरनगर मैदान में होगी। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस साल के अंत में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस पार्टी भी लड़ाई के लिए कमर कस रही है। प्रियंका गांधी की इस रैली को चुनावी मोड में आने की पार्टी की कोशिशों के तहत देखा जा रहा है। इस रैली से तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) परीक्षा पेपर लीक के परिप्रेक्ष्य में बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के राज्यव्यापी आंदोलन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बेरोजगारी और टीएसपीएससी पेपर लीक मुद्दों पर राज्य कांग्रेस ने नलगोंडा, खम्मम, आदिलाबाद और अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया है। प्रियंका गांधी 8 मई की जनसभा में राज्य में केसीआर के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार की विफलताओं को उजागर करेंगी। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि वे यह भी बताएंगी कि केंद्र और राज्य में सत्ता में आने के बाद उनकी पार्टी युवाओं के लिए क्या करने जा रही है। कांग्रेस पार्टी टीएसपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग कर रही है। तेलंगाना पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

## बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में 1.78 लाख शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी मुहर

(एजेंसी)

पटना। बिहार मंत्रिमंडल की हुई बैठक में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियमावली 2023 के तहत शिक्षक नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके अलावा गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्रों में 15 वर्षों से अधिक पुराने सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों पर इस वर्ष 1 अक्टूबर से प्रतिबंध लगाने का भी फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियमावली के तहत नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही राज्य में 1,78,026 शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफहो गया। इसमें पहली से पांचवीं तक के 85,477, छठी से आठवीं तक के 1,745, नवीं-दसवीं के लिए 33,186 और 11वीं और 12वीं के लिए 57,618 पदों की स्वीकृति दी गई है। बैठक में गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 15 वर्षों से अधिक पुराने सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों के परिचालन पर इस साल 1 अक्टूबर से प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा पटना, गया और मुजफ्फरपुर के डीजल चलित मालवाहक वाहनों के लिए अनुदान का भी प्रावधान मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया। गया और मुजफ्फरपुर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के नजरिए से 15 साल पुराने डीजल चलित व्यावसायिक वाहनों पर पूर्ण रोक की भी स्वीकृति दी है। बैठक में राज्य के 2 हजार पंचायत सरकार भवनों के निर्माण के लिए 41 अरब 71 करोंड 16 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। इसके बाद राज्य में पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का रास्ता साफहो गया।

CMYK

# संपादकीय

## अपराधियों पर राजनीति

गंभीर अपराधों को लेकर हमारी दृष्टि कितनी चयनित होती जा रही है, इसका ताजा उदाहरण बिहार में आनंद मोहन सिंह की रिहाई पर सामने आया है। पूर्व सांसद और राजनेता आनंद मोहन सिंह को 1994 में नौकरशाह और गोपालगंज के तत्कालीन कलेक्टर जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जी. कृष्णैया की कथित रूप से आनंद मोहन सिंह द्वारा उकसाई गई भीड़ ने हत्या कर दी थी। गैंगस्टर से राजनेता बने सिंह को 2007 में बिहार की एक निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, पटना हाईकोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था, उस आदेश को 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। लेकिन हाल ही में बिहार सरकार ने जेल नियमों में कुछ संशोधन किए हैं, जिसके बाद मंगलवार को 27 कैदियों की रिहाई की अधिसूचना जारी की गई है और रिहा होने वालों में पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह का नाम भी है। अधिसूचना में कहा गया है कि, '20 अप्रैल को बिहार राज्य दंड छूट परिषद की बैठक के आलोक में 14 साल की वास्तविक सजा या 20 साल की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई के लिए निर्णय लिया गया। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में बिहार सरकार ने ड्यूटी पर एक लोक सेवक की हत्या के दोषियों के लिए जेल की सजा को कम करने पर रोक लगाने वाले खंड को हटा दिया था। अधिसूचना जारी होने के बाद आनंद मोहन सिंह की रिहाई का रास्ता साफ हो गया, लेकिन इस पर विवाद भी खड़े हो रहे हैं। कई राजनेता नीतीश सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं और इसे राजनैतिक मकसद से लिया गया फैसला बता रहे हैं। बसपा सांसद मायावती ने आनंद मोहन सिंह की रिहाई को दलित विरोधी फैसला बताया है, क्योंकि जी.कृष्णैया दलित समुदाय से आते थे। उनका कहना है कि देश भर के दलित समाज में इस फैसले से काफी रोष है। चाहे कुछ मजबूरी हो किन्तु बिहार सरकार इस पर जरूर पुनर्विचार करे। मायावती की राजनीति का आधार दलित वोट बैंक है और इसलिए उन्होंने जी.कृष्णैया के हत्यारे की रिहाई पर आवाज उठाई है, ताकि दलित समुदाय के बीच इसका सही संदेश जाए। लेकिन जदयू ने मायावती के इस विरोध पर पलटवार करते हुए उन्हें भाजपा की बी टीम कहा है। मायावती पर यह आरोप अकारण नहीं लगे हैं, क्योंकि बिल्किस बानो के दोषियों की रिहाई से लेकर कई मौकों पर उन्होंने भाजपा सरकार के कई विवादित फैसलों पर चुप्पी साध रखी है। हत्या जैसे जघन्य अपराध पर अपनी सुविधा के अनुसार विरोध नहीं किया जा सकता है। भाजपा की ओर से अमित मालवीय ने ट्वीट किया कि राजद की कुटिल चालों के सामने घुटने टेकने के लिए नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिए। इस से समझा जा सकता है कि नीतीश कुमार के इस फैसले को अमित मालवीय राजद के दबाव में लिया फैसला बता रहे हैं, जो अब बिहार सरकार में नीतीश कुमार का गठबंधन सहयोगी है। लेकिन नीतीश कुमार अगर भाजपा के साथ सरकार में रहते हुए यही फैसला लेते तो क्या अमित मालवीय तब भी उन्हें शर्मिंदा होने कहते। और क्या श्री मालवीय भाजपा के सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए भी यही कहेंगे, क्योंकि आनंद मोहन की रिहाई पर राज्य सरकार के कदम का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा है कि 'गरीब आनंद मोहन' मामले में 'बलि का बकरा' बन गया और 'लंबे समय तक जेल में रहा।' गिरिराज सिंह को आनंद मोहन बलि का बकरा नजर आ गया, लेकिन देश की जेलों में न जाने कितने निर्दोष लोग कैद हैं, कितने ही विचाराधीन कैदी अपराध से अधिक की सजा काट लेते हैं और बाद में पता चलता है कि उन पर तो इल्जाम ही साबित नहीं हुआ। व्यवस्था की कमियों के शिकार ये लोग असल में बलि के बकरे कहे जा सकते हैं, क्या इनके लिए गिरिराज सिंह ने कोई चिंता कभी व्यक्तकी है ?आनंद मोहन की रिहाई पर आईएएस एसोसिएशन ने भी चिंता व्यक्त की है। सेंट्रल आईएएस एसोसिएशन ने कहा कि कैदियों वर्गीकरण नियमों में बदलाव करके गोपालगंज के पूर्व जिलाधिकारी स्वर्गीय जी. कृष्णैया की नृशंस हत्या के दोषियों को रिहा करने के बिहार सरकार के फैसले पर एसोसिएशन गहरी निराशा व्यक्त करता है।देश के नौकरशाहों के शीर्ष निकाय का मानना है कि बिहार में नियमों में बदलाव गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन सिंह की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा,

## बिन बादल पंजाब

देश के कद्दावर क्षत्रप और पंजाब-पंजाबियत के अगुआ रहे प्रकाश सिंह बादल का अवसान निस्संदेह राज्य के लिये अपूरणीय क्षति है। खासकर शिरोमणि अकाली दल के लिए तो कभी न पूरी हो सकने वाली कमी है। ऐसे वक्त में जब देश ने आजादी के 75 साल पूरे करने पर अमृतकाल मनाया तो प्रकाश सिंह बादल ने भी राजनीति के 75 साल पूरे किये। आज के भारत में यह शायद ही संभव हो कि कोई राजनेता 75 साल तक सक्रिय राजनीति में बना रहे। महज बीस साल की उम्र में सरपंच, ग्यारह बार विधायक और पांच बार मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य विरले राजनेताओं को ही मिला है। वे समृद्ध क्षेत्रीय राजनीतिक परंपरा के पर्याय थे। जब भी देश में कद्दावर क्षेत्रीय राजनेताओं की बात होती तो वे पहले नंबर पर नजर आते रहे। जनसंघ के साथ मिलकर अकाली सरकार का नेतृत्व करने वाले बादल ने कालांतर भाजपा के साथ लंबी पारी खेली और पंजाब में सामाजिक समरसता को सींचा। हालांकि, उनके आलोचक कहते रहे कि यह समरसता अकाली दल के सत्ता में रहने के दौरान तक ही सीमित रही है। बहरहाल, वे सिर्फ अकाली राजनीति के ही पुरोधा नहीं थे, कमोबेश सभी राजनीतिक दल उन्हें सम्मान देते थे। हरियाणा में चौधरी देवीलाल से लेकर ओम प्रकाश चौटाला परिवार से उनके आत्मीय रिश्ते रहे हैं। वे लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर रहे और आपातकाल का मुखर विरोध करते हुए लंबे समय जेल में भी रहे। वर्ष 1984 के दंगों के बाद उनकी सकारात्मक भूमिका को याद किया जाता है। वहीं इस दौरान पंजाब में सामाजिक समरसता बनाने में उनकी सकारात्मक भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि उन्होंने पंजाब के हितों व पंजाबियत से कभी समझौता नहीं किया। लेकिन जब राष्ट्र के सामने कोई मुश्किल आई तो क्षेत्रीय राजनीतिक उद्देश्यों से हटकर उन्होंने राष्ट्रीय सरोकारों को ही तरजीह दी। यही वजह थी कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी बात को महत्व मिला। वैसे यह विडंबना ही है कि वे अपने आखिरी चुनाव में कामयाब नहीं रहे, जिसके बाद उनकी राजनीतिक सक्रियता भी कम हुई।निस्संदेह, प्रकाश सिंह बादल के बिना अकाली दल के लिये नये युग की शुरुआत हुई है। उनकी राजनीति के वारिस सुखबीर के लिये पार्टी को पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती है। सवाल यह भी है कि उनकी अनुपस्थिति में पार्टी फिर पहले जैसा जनाधार हासिल कर पायेगी ? ऐसे सवाल इसलिये भी उठ रहे हैं क्योंकि कभी पंजाब की राजनीति का शक्ति-स्रोत रहे शिअद ने पिछले विधान सभा चुनाव में महज तीन सीटें ही हासिल की थी। हालांकि, प्रकाश सिंह बादल जैसा शांत स्वभाव व समस्या निवारण का कौशल विरले राजनेताओं को हासिल हो पाता है, लेकिन बदलते राजनीतिक परिवेश में भी शिअद को इसी लकीर का पालन करना होगा। वर्ष 2008 से लगातार पार्टी अध्यक्ष रहे सुखबीर सिंह पर अब यह जिम्मेदार आई है कि पंजाब में आप के वर्चस्व का मुकाबला करते हुए पार्टी में प्राणवायु का संचार करें। उन्हें सिख मतदाताओं का विश्वास नये सिरे से हासिल करना है। साथ ही उन्हें शिअद के भीतर निर्विवाद नेतृत्व की स्वीकृति हासिल करनी है। वर्ष 2015 में बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद की प्रतिक्रिया के चलते पार्टी की पंथिक साख को आंच आई है। नेतृत्व में सामूहिकता का सामंजस्य भी सुखबीर के लिये चुनौती होगी ताकि पार्टी को परिवारवाद के आक्षेपों से मुक्त रखा जा सके। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिअद और भाजपा के करीब आने के कयास तेज हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा से गठबंधन पार्टी के लिये दुरूस्वप्न ही साबित हुआ। एक मजबूत सहयोगी की शिअद को भी जरूरत है। हालांकि, विवादित कृषि सुधार कानूनों के बाद किसान आंदोलन के चलते शिअद राजग से अलग हो गया था, लेकिन दोनों में ऐसी कटुता कभी नहीं रही कि फिर साथ न आ सकें। प्रकाश सिंह बादल के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का श्रद्धांजलि देने चंडीगढ़ आना बेहतर होते रिश्तों की बानगी बतायी जा रही है। वहीं आप के वर्चस्व के दौर में भाजपा को भी पंजाब में मजबूत साथी की तलाश होगी।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर विशेष पोषण का रामबाण है भारत का पशुधन

**डॉ प्रियंका सौरभ**




पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है।पशुपालन का तात्पर्य पशुधन पालने और चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14: की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16: है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8: आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11: सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6: योगदान देता है। पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त क मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फसल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है, विशेष रूप से संसाधन गरीब जो जानवरों के कुछ सिर रखते हैं। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी। भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। भारत में कम साक्षर और अकुशल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन कृषि प्रकृति में मौसमी होने के कारण एक वर्ष में अधिकतम 180 दिनों के लिए रोजगार प्रदान कर सकती है। कम भूमि वाले लोग कम कृषि मौसम के दौरान अपने श्रम का उपयोग करने के लिए पशुओं पर निर्भर करते हैं। पशु उत्पाद जैसे दूध, मांस और अंडे पशुपालकों के सदस्यों के लिए पशु प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगभग 355 ग्रामध्दिन हैय अंडे 69ध्वर्ष हैय जानवर समाज में अपनी स्थिति के संदर्भ में मालिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। परिवार विशेष रूप से भूमिहीन जिनके पास जानवर हैं, उनकी स्थिति उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिनके पास पशु नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में शादियों के दौरान जानवरों को उपहार में देना एक बहुत ही सामान्य घटना है। पशुपालन भारतीय संस्कृति का अंग है। जानवरों का उपयोग विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है। गृह प्रवेश समारोहों के लिए गायेंय उत्सव के मौसम में बलिदान के लिए मेढ़े, हिरन और चिकनय विभिन्न धार्मिक कार्यों के दौरान बैल और गायों की पूजा की जाती है। कई मालिक अपने जानवरों से लगाव विकसित करते हैं।पशुपालन लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। पशुधन उत्पादन में श्रम की तीन-चौथाई से अधिक मांग महिलाओं द्वारा पूरी की जाती है। पशुधन क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार की हिस्सेदारी पंजाब और हरियाणा में लगभग 90: है जहां डेयरी एक प्रमुख गतिविधि है और जानवरों को स्टाल-फेड किया जाता है। बैल भारतीय कृषि की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय कृषि कार्यों में यांत्रिक शक्ति के उपयोग में बहुत प्रगति के बावजूद, भारतीय किसान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल ईंधन पर काफी बचत कर रहे हैं जो यांत्रिक शक्ति जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर आदि का उपयोग करने के लिए एक आवश्यक इनपुट है। बैलों के अलावा देश के विभिन्न भागों में सामान ढोने के लिए ऊंट, घोड़े, गधे, खच्चर आदि जैसे पैक जानवरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। पहाड़ी इलाकों जैसी स्थितियों में माल परिवहन के लिए खच्चर और टट्टू ही एकमात्र विकल्प के रूप में काम करते हैं। इसी तरह, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विभिन्न वस्तुओं के परिवहन के लिए सेना को इन जानवरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता है जिसमें ईंधन (गोबर के उपले), उर्वरक (खेत यार्ड खाद), और प्लास्टरिंग सामग्री (गरीब आदमी की सीमेंट) शामिल हैं। कृषि पशुओं की उत्पादकता में सुधार करना प्रमुख चुनौतियों में से एक है। भारतीय मवेशियों की औसत वार्षिक दुग्ध उपज 1172 किलोग्राम है जो वैश्विक औसत का लगभग 50 प्रतिशत है। खुरपका और मुंहपका रोग, ब्लैक क्वार्टर संक्रमण जैसी बीमारियों का लगातार प्रकोपय इन्फ्लुएंजा, आदि पशुधन स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और उत्पादकता को कम करते हैं। भारत में जुगाली करने वालों की विशाल आबादी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान करती है। शमन और अनुकूलन रणनीतियों के माध्यम से ग्रीनहाउस गैसों को कम करना एक बड़ी चुनौती होगी। विभिन्न प्रजातियों की आनुवंशिक क्षमता को बढ़ाने के लिए विदेशी स्टॉक के साथ स्वदेशी प्रजातियों का क्रॉसब्रीडिंग केवल एक सीमित सीमा तक ही सफल रहा है। कृत्रिम गर्भाधान के बाद खराब गर्भाधान दर के साथ मिलकर गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म, बुनियादी ढांचे और तकनीकी जनशक्ति में कमी के कारण सीमित कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रमुख बाधाएँ रही हैं। इस क्षेत्र को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर कुल सार्वजनिक व्यय का लगभग 12 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जो कि कृषि सकल घरेलू उत्पाद में इसके योगदान की तुलना में अनुपातहीन रूप से कम है। वित्तीय संस्थानों द्वारा इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। मांस उत्पादन और बाजाररू इसी तरह, वध सुविधाएं अपर्याप्त हैं। कुल मांस उत्पादन का लगभग आधा अपंजीकृत, अस्थायी बूचड़खानों से आता है। पशुधन उत्पादों के विपणन और लेनदेन की लागत बिक्री मूल्य का 15-20 प्रतिशत अधिक है। बढ़ती आबादी के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि, किसानों की आत्महत्या में दुर्भाग्यपूर्ण वृद्धि के बीच भारत की अधिकांश आबादी का प्राथमिक व्यवसाय कृषि है, पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है।

# नक्सली तांडव फि र 11 जवानों की हत्या, आखिर कब तक

**संजीव ठाकुर**




विगत दिनों नक्सलियों द्वारा पुलिस वालों की व्यूह रचना तोड़ते हुए नक्सलियों ने एंबुश लगाकर 11जवानों की दंतेवाड़ा जिले में दर्दनाक हत्या कर दी, लगभग और जवान घायल भी हुए हैं, नक्सलियों का दो साल बाद का सबसे बड़ा हमला है। इसके पूर्व 2 वर्ष पहले एक विधायक की हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार खुफिया तंत्र की असफलता तथा नक्सलियों तक पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी पहुंचने के कारण नक्सलियों ने तांडव मचाया है। केंद्रीय गृहमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दोनों ने दुख व्यक्त कर पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ाया और यह भी कहा कि यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।नक्सलियों ने लगभग दो साल बाद छत्तीसगढ़ के जंगलों में अपनी उपस्थिति फिर से दर्शाइ है। छत्तीसगढ़ में बलरामपुर, जसपुर ,बस्तर ,दंतेवाड़ा ,सुकमा, कोंटा ,नारायणपुर आदि धुर नक्सली क्षेत्र माने जाते हैं और नक्सली अपनी गतिविधि यहां लगातार दर्शाते रहते हैं। लेकिन यह 11 जवानों की हत्या बड़ी ही दर्दनाक हुई और अचानक नक्सलियों द्वारा आक्रमण की रणनीति के कारण अभी तक प्रशासन शासन को समझ नहीं आया है । क्षेत्र की जनता और सरकार दोनों अब हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया विभाग अपने असफलता के कारणों की खोज में लगी हुई ईतना बारूद सड़कों में लगाया गया और पुलिस के खुफिया तंत्र को कानो कान खबर नहीं हुई। उल्लेखनीय है ि क छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार के जंगलों में नक्सलवादियों ने अपना केंद्र बना कर रखा है, और गाहे-बगाहे पुलिस से मुठभेड़ में पुलिस वालों की अनावश्यक हत्या करते रहते हैं. विगत दिनों नक्सली नेताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार से बातचीत करने का प्रस्ताव रखा था ,फिर अचानक ऐसा क्या हुआ की पुलिस के केंद्रीय बल के सैनिकों पर इतना बड़ा हमला कर दिया ।छत्तीसगढ़, झारखंड ,आंध्र प ्देश तथा महाराष्ट्र की सरकार को नक्सली समस्या का स्थाई हल खोजना ही होगा अन्यथा इस तरह की नक्सली मुठभेड़ में जवानों की जिंदगी व्यर्थ ही गवानी पड़ जाएगी। नक्सली समस्या मूलत पश्चिम बंगाल की देन है,जहां चारू मजूमदार,कानू सान्याल के नेतृत्व में नक्शलवाड़ी नामक ग्राम में दल का गठन किया गया था। जहां सरकार के विरोध में आदिवासियों के शोषण और सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के विरोध में चारू मजूमदार ने एक अभियान चलाया था। कालांतर में जो नक्सलवादी गतिविधि या वामपंथी गतिविधि के नाम से जानी जाती है।कई वर्षों पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे सिद्धार्थ शंकर रे ने प्रशासनिक कुशलता दिखाते हुए कठोर कदम उठाकर नक्सलवाड़ी को समूल नष्ट करवा दिया था। इसी तरह पंजाब में खालीस्तान समस्या सिर चढ़कर बोलने लगी थी। जिससे पंजाब की जनता अनावश्यक परेशान थी, और खालीस्तान के समर्थक वहां हिंसक गतिविधियों में लिप्त हो कर सरकार को सरकार चलाने में दिक्कत देने लगे थे। ऐसे में पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के,पी,एस गिल ने एक कठोर ऑपरेशन चलाकर खालीस्तान समस्या को नेस्तनाबूद कर दिया था। नक्सली तथा वामपंथी समस्याओं से प्रभावित झारखंड,छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों को नक्सलियों के विरोध में इसी तरह संयुक्त अभियान चलाकर नक्सली समस्या को कठोरता से खत्म करना चाहिए। या फिर शासन प्रशासन को नक्सली समस्या पैदा होने के मूल कारणों में जाकर वहां की आदिवासी जनता को राशन,दवाएं पानी, शिक्षाऔर सड़क की समस्या को समझ कर उस क्षेत्र को सामाजिक अभियान चलाकर नक्सली मुक्त कराना चाहिए ।क्योंकि नक्सलवादी वामपंथी लोग पुलिस दल से ज्यादा आधुनिक अस्त्र शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल कर पुलिस वालों को लगातार मौत के घाट उतार कर शासन का अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। अब तक नक्सलवादियों ने हजारों पुलिसकर्मियों की हत्या की है।यह विद्रोही,माओवादी आदिवासियों को राशन पानी स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की सुविधाएं न दिए जाने की आड़ में उनसे सहयोग लेकर पुलिस वालों की निरंतर हत्या कर रहे हैं। जिसे तत्काल एक अभियान बनाकर तो रोका जाना चाहिए, इन राज्यों में दूरगामी योजना बनाकर सिद्धार्थ शंकर रे जैसे प्रशासक तथा केपीएस गिल के अधिकारियों की आवश्यकता फिर से होगी।इसके अलावा नक्सलियों को खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सशक्त दूरगामी रणनीति तैयार कर इन को घेरकर खत्म किया जाना चाहिएस अन्यथा ऐसे ही मुठभेड़ों में निरीह जवानों की हत्या होती रहेगी और हम हाथ में हाथ धरे बैठे रहेंगे।

# विदेशों में भारतीयों की सफलता में हमारे संस्कारों का सबसे अहम योगदान है



जब अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की उल्लेखनीय सफलता के पीछे कारण खोजने का प्रयास किया जाये तो निम्नलिखित कारण ध्यान में आते हैं। भारतीय संस्कारों के अनुसार, भारतीय माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपने हितों का त्याग करते पाए जाते हैं। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो (यूएस सेंसस ब्यूरो) द्वारा अमेरिका में निवास कर रहे विभिन्न देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय एवं अन्य कई मानदंडों पर जारी की गई जानकारी के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 119,858 अमेरिकी डॉलर है, जो अमेरिका में निवासरत समस्त अन्य देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय में सबसे अधिक है। दूसरे क्रमांक पर ताईवान मूल के अमेरिकी नागरिक आते हैं जिनकी वार्षिक औसत आय 95,736 अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। इसी प्रकार चीनी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 81,497 डॉलर, जापानी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 80,036 एवं अमेरिकी मूल के गोरे नागरिकों की वार्षिक औसत आय 65,902 आंकी गई है। इसी प्रकार, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे अमेरिकी मूल के नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का 13 प्रतिशत है, एशिया के समस्त देशों का औसत 10 प्रतिशत है जबकि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों में केवल 6 प्रतिशत नागरिक ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों का दबदबा पाया गया है। वर्ष 2021 के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 वर्ष की आयु की कुल जनसंख्या में से 33 प्रतिशत अमेरिकी मूल के नागरिक स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि भारतीय मूल के 25 वर्ष की आयु के अमेरिकी नागरिकों में 80 प्रतिशत नागरिक स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त करते हैं। इनमें से 49 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री (डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधन) प्राप्त की थी जबकि अमेरिकी मूल के केवल 13 प्रतिशत नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री प्राप्त की थी।

अमेरिकी मूल के कई नागरिक स्नातक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त करने पर भारी खर्च करने के उपरांत भी उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। जबकि अधिकतर अमेरिकी नागरिकों का सोचना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु उन क्षेत्रों को चुना जाना चाहिए जिससे स्नातक डिग्री प्राप्त करने हेतु किए गए खर्च को उच्च निवेश की श्रेणी में परिवर्तित कर उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त किया जा सके। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते समय उक्त बात पर विचार किया जाता है। इसी कारण से 36 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक इंजीनीयरिंग के क्षेत्र में, 35 प्रतिशत गणित एवं कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में एवं 10 प्रतिशत व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं। कुल मिलाकर, अमेरिका में निवास कर रहे अप्रवासी नागरिकों में से 37 प्रतिशत नागरिक इंजीनीयरिंग, साइंस एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री हासिल कर पाते हैं एवं अमेरिकी मूल के 43 प्रतिशत नागरिक परंतु भारतीय मूल के 79 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक इन विधाओं में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं। अमेरिका में चूंकि उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध ही नहीं हैं अत: अमेरिकी मूल के नागरिक सेवा के क्षेत्र में सबसे बड़ी संख्या में कार्य करते हैं। इन क्षेत्रों में वेतन तुलनात्मक रूप से बहुत कम मात्रा में प्रदान किया जाता है। अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल एक प्रतिशत है परंतु अमेरिका में प्रारम्भ की जा रही उच्च तकनीकी कम्पनियों के निर्माण में 8 प्रतिशत भागीदारी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की है। साथ ही, अमेरिका में प्रारम्भ किए जा रहे कुल स्टार्ट-अप में से 33 प्रतिशत स्टार्ट-अप भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के सहयोग से प्रारम्भ किए जा रहे हैं। यह समस्त संस्थान बहुत सफल भी हो रहे हैं। इससे भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की बिलिनायर्स (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति) के रूप में संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक श्री जय चौधरी की सम्पत्ति 830 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, इसी प्रकार श्री विनोद खोसला की सम्पत्ति 530 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री रोमेश वाधवानी की सम्पत्ति 510 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री राकेश गंगवाल की सम्पत्ति 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री नीरज शाह की सम्पत्ति 280 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं श्री अनिल भुरसी की सम्पत्ति 230 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। यह सूची बहुत लम्बी है। जब अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की उल्लेखनीय सफलता के पीछे कारण खोजने का प्रयास किया जाये तो निम्नलिखित कारण ध्यान में आते हैं। भारतीय संस्कारों के अनुसार, भारतीय माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपने हितों का त्याग करते पाए जाते हैं। भारतीय माताएं अपने व्यावसायिक कार्य के प्रति जुनून को अपने बच्चों के हित में त्याग देती हैं। इसी प्रकार, भारतीय पिता अपने व्यवसाय में अपने बच्चों के हित में कई प्रकार के समझौते करते हैं। अत: भारतीय माता पिता के लिय अपने बच्चों का लालन पालन सबसे बड़ी प्राथमिकता बन जाती है। भारतीय माता पिता अपने जीवन के व्यस्ततम पलों में भी सबसे उत्कृष्ट समय अपने बच्चों के विकास पर खर्च करते हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा अपने बच्चों को अमरीका में अभी भी भारतीय संस्कारों के अनुसार ही पाला पोसा जाता है। भारतीय माता-पिता अपने बच्चों में बचपन में ही विश्वास का भाव जगाते हैं। वे स्वयं भी अपने बच्चों पर विश्वास करते हैं एवं उन्हें भी समाज के अन्य वर्गों के प्रति विश्वास करना सिखाते हैं। बच्चों में विकसित किए गए इस विश्वास के चलते माता-पिता अपने बच्चों के सबसे अच्छे मित्र बन जाते हैं एवं बच्चे अपने माता पिता के साथ अपने जीवन की समस्त बातों को साझा करने में डरते नहीं हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक, अमेरिका में भी संयुक्त परिवार के रूप में एक ही मकान में रहते हैं। इससे इनके पारिवारिक व्यवसाय को विकसित करने एवं तेजी से तरक्की करने में बहुत आसानी होती है। साथ ही, संयुक्त परिवार के रूप में रहने से तुलनात्मक रूप से पारिवारिक खर्चे भी कम होते हैं। अमेरिका में वैवाहिक जीवन के मामले में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बहुत संतुष्ट एवं सुखी पाए जाते हैं। इसे शादी के बाद दिए जाने वाले तलाक सम्बंधी आंकड़ों के माध्यम से आंका गया है। अमेरिका में सबसे अधिक तलाक की दर अमेरिकी काले नागरिकों के बीच 28.8 प्रतिशत है, अमेरिकी गोरे नागरिकों के बीच यह 15.1 प्रतिशत है, परंतु भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के बीच यह केवल 1.3 प्रतिशत है (हालांकि कुछ सूर्वे में यह 6 प्रतिशत भी आंकी गई है), जो कि समस्त अन्य देशों के नागरिकों के बीच सबसे कम दर है। यह भारतीय संस्कारों का ही परिणाम है। भारतीय माता पिता अपने बच्चों को भारतीय सामाजिक मान्यताओं से बचपन में ही परिचित कराते हैं एवं वे अपने बच्चों को अपने नाते रिश्तेदारों एवं जान पहिचान के परिवारों में विभिन्न आयोजनों में भाग लेना सिखाते हैं एवं इनसे सम्बंध स्थापित करना सिखाते हैं। वे अपने बच्चों को, इनकी शादी हो जाने तक, अपने पास ही रखते हैं, बहुत से भारतीय परिवार तो अपने बच्चों की शादी हो जाने के बाद भी इनके परिवार को संयुक्त परिवार के रूप में अपने साथ ही रखना पसंद करते हैं। इससे बच्चों को मानसिक सहयोग प्राप्त होता है एवं वे भारतीय संस्कारों एवं सामाजिक संस्कारों को सीखते हैं। बचपन में ही, बच्चों को संयुक्त परिवार में रहने की शिक्षा दी जाती है। बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार देखकर ही भारतीय संस्कार भी सीखते हैं। इसके ठीक विपरीत अमेरिकी मूल के नागरिक अपने बच्चों को उनकी 18 वर्ष की आयु प्राप्त होते ही अपने से अलग कर देते हैं एवं उन्हें अपना अलग घर बसाना होता है। बच्चे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल भी करना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि पश्चिम के संस्कार ही कुछ इस तरह के हैं।

भारतीय मूल के अमेरिकी माता-पिता अपने बच्चों में बचपन में ही, बच्चों के रुझान को पहचान कर उसी क्षेत्र में उनका कौशल विकसित करते हैं ताकि बच्चे भविष्य में उसी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें। साथ ही, भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अपने बच्चों का पूरा ध्यान रखते हैं एवं बच्चों की गतिविधियों पर भी पूरी नजर रखते हैं ताकि उनके बच्चे किसी गलत राह पर न चल पड़ें। वे अपने बच्चों में बचपन में ही महान सनातन हिंदू संस्कृति, संस्कारों, परम्पराओं एवं विरासत का संवर्धन करते हैं।

भारत में समस्त धर्मों को मानने वाले नागरिक आपस में मिलजुल कर रहते हैं, अत: अमेरिका में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बहुत संतोषी, शांतिप्रिय, मेहनती, अपने इरादों में पक्के एवं अपनो से बड़ों का आदर करने वाले पाए जाते हैं, वे किसी भी प्रकार के वाद विवाद से अपने आप को दूर ही रखना पसंद करते हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं अन्य क्षेत्रों में अपार सफलता देखकर अब तो पूरा विश्व ही भारतीय संस्कारों को अपनाने के लिए लालायित होता दिखाई देने लगा है।

CMYK

# बकाए से निपटने के बाद अब गन्ने की उपज बढ़ाने पर योगी सरकार ने दिया जोर

## इस योजना पर शुरू किया काम

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गन्ने की उपज में इजाफा करने के विभिन्न उपायों पर शिद्दत से काम कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गन्ना बकाए का भुगतान और मिलों के संचालन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के बाद सरकार का जोर अब गन्ने की खेती को और लाभप्रद बनाने पर है। यह तभी संभव है जब खेती की लागत कम हो। प्रति हेक्टेयर उपज बढ़े। इसमें समय पर कृषि निवेश की उपलब्धता और सिंचाई के अपेक्षाकृत दक्ष संसाधनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि गन्ना साल भर की फसल है। इसके तैयार होने में कृषि जलवायु क्षेत्र में होने वाली वर्षा के अनुसार 3 से 7 बार पानी की जरूरत पड़ती है। एक अनुमान के मुताबिक, गन्ने की फसल को 1500 से 2500 मिलीमीटर पानी की जरूरत होती है। प्रति किलोग्राम गन्ना उत्पादन में 1500 से 3000 हजार लीटर पानी की जरूरत होती है। यह तब है जब किसान खेत की परंपरागत रूप से तालाब, पोखर, नलकूप, पंपिंगसेट से सिंचाई करते हैं। इस विधि से सिंचाई में आधा से अधिक पानी बर्बाद हो जाता है। अगर खेत की लेवलिंग सही नहीं है तो कहीं कम और कहीं अधिक पानी लगने से फसल को होने वाली क्षति अलग से। ड्रिप इरिगेशन (टपक प्रणाली) से कम समय में हम फसल को जरूरत भर पानी देकर पानी की बर्बादी के साथ सिंचाई की लागत



भी बढ़ा सकते हैं। यही वजह है कि सरकार का ड्रिप एवं स्प्रिंकलर विधि से सिंचाई पर खासा जोर है। इसके लिए योगी सरकार लघु सीमांत किसानों को तय रकबे के लिए 90 फीसद और अन्य किसानों को 80 फीसद तक अनुदान देती है इसी क्रम में गन्ना विभाग ने भी एक पहल की है वह ड्रिप इरीगेशन से आच्छादन के लिए किसानों को 20 फीसद ब्याज मुक्त ऋण देगी। इसकी अदायगी गन्ना मूल्य भुगतान से हो जाएगी। यह ऋण किसानों को चीनी मिलें और गन्ना विकास विभाग उपलब्ध कराएगा। इससे प्रदेश के 90 फीसद से अधिक गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। यह किसानों का वही वर्ग है जो चाहकर भी संसाधनों की कमी की वजह से खेती में यंत्रीकरण का अपेक्षित लाभ नहीं ले पाता। लिहाजा अधिक श्रम और संसाधन लगाने के बावजूद उसे कम लाभ होता है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, ड्रिप इरीगेशन के कई लाभ हैं। पानी की बचत के अलावा किसान इसीसे सीधे पौधों की जड़ों में पानी में घुलनशील उर्वरकों (वाटर सॉल्यूबल फर्टीलाइजर्स) भी दे सकते है। इस तरीके से खाद के पोषक तत्वों की अधिकतम प्राप्ति से गन्ने की उपज भी बढ़ेगी। मसलन सिंचाई और इसे करने में श्रम की बचत, कम खाद के प्रयोग में बेहतर उपज होगी। लिहाजा खेती की घटी लागत एवं बढ़ी उपज से किसानों की आय बढ़ेगी। यही योगी सरकार की मंशा भी है। सूत्रों ने बताया कि इस बाबत हाल ही में यूपी शुगर मिल्स एसोसिएशन और विश्व बैंक के संसाधन समूह (2030 डब्लू आरजी) के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) भी हो चुकी है। इसी तरह खेत की तैयारी से लेकर बोआई और उससे आगे गन्ना किसानों के लिए संसाधन बाधक बनें इस बाबत सरकार ने गन्ना विकास कोष स्थापित करने का भी निर्णय लिया है।

# ग्रेजुएट युवाओं के कौशल विकास में बीएफएसआई का सर्टिफिकेट प्रोग्राम करेगा मदद

संवाददाता

लखनऊ। भारत में हायर एडटेक के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म टाइम्सप्रो ने अपने प्रमुख बीएफएसआई कार्यक्रम, बैंकिंग-प्रो बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस में सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की। बैंकिंग-प्रो ग्रेजुएट युवाओं को नए जमाने की कार्यक्षमता से लैस करता है, ताकि उन्हें इस इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल के रूप में तैयार किया जा सके। यह कार्यक्रम उन्हें बीएफएसआई क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में अलग-अलग पदों पर सुनिश्चित नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

10 हफ्ते के इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत मंजूरी दी गई है, जिसमें छात्रों को 250 घंटे से ज्यादा का शिक्षण दिया जाएगा। बैंकिंग-प्रो को इस तरह डिजाइन किया गया है ताकि ग्रेजुएट युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र अलग-अलग पदों पर नौकरी के अवसर मिल सके। इस कार्यक्रम में शिक्षार्थियों को इस क्षेत्र की पूरी जानकारी देने के साथ-साथ जीवन कौशल सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे अपने करियर को बेहतर बना सकें और तरक्की की राह पर लगातार आगे बढ़ते रहें। उन्हें डिजिटल एप्लीकेशन की गहन जानकारी तथा अनुभव पर आधारित शिक्षा प्रदान करने के अलावा सेल्स, ऑपरेशंस, कस्टमर रिलेशन जैसे मॉड्यूल से परिचित कराया जाएगा। बैंकिंग-प्रो कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षार्थियों को बैंकिंग, म्युचुअल फंड, ऐसेट मैनेजमेंट, बीमा, फिनटेक, इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और वे इन विषयों को अच्छी तरह समझ पाएंगे। इसके अलावा, शिक्षार्थियों को डिजिटल एप्लीकेशन, नए ग्राहकों को जोड़ने और उन्हें अपने साथ बनाए रखने का हुनर सिखाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में प्रगति करने में कुशल बनाया जाएगा। शिक्षण के परिणामों के आधार पर, प्रतिभागी बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव/मैनेजर, सलाहकार, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव, कॉर्पोरेट सेल्स मैनेजर और रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिवध् मैनेजर जैसे कई तरह के पदों पर नौकरी पाने के योग्य बन जाएंगे। वे अलग-अलग पदों पर नौकरी के लिए सालाना 285,000 रुपये तक का शानदार वेतन भी प्राप्त कर सकते हैं। बैंकिंग-प्रो के लॉन्च के मौके पर, रित्विक उदयन, प्रमुख, एम्प्लॉयबिलिटी बिजनेस-बीएफएसआई, टाइम्सप्रो ने कहा, बैंकिंग-प्रो उन सभी युवाओं के लिए शुरू किया गया एक विस्तृत कार्यक्रम है, जो बीएफएसआई इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू करना चाहते हैं, साथ ही लगातार बदल रहे ट्रेंड के अनुरूप अपने कौशल को निखारना और नए जमाने के कामकाज के तरीके सीखना चाहते हैं। इस इंडस्ट्री में कुशल और नए जमाने के कौशल में निपुण लोगों की मांग काफी अधिक है, और बैंकिंग-प्रो के माध्यम से हमने उद्योग-कौशल के इसी अंतर को दूर करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, टाइम्सप्रो शिक्षार्थियों को नौकरी के योग्य बनाकर उनके सामने असीमित अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे उन्हें आज के जमाने की इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने का प्रोत्साहन मिलेगा।

# नवयुग मे मतदाता जागरूकता पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

संवाददाता

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिससे मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। इस प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने रंगोली,मेहदी, लगाकर, स्लोगन- पोस्टर बनाकर महाविद्यालय की छात्राओं को तथा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के मतदाताओं को जागरूक करने में अपना योगदान दिया, मेहंदी एवं पोस्टर में छात्राओं ने ईवीएम मशीन, चुनाव चिन्ह तथा स्लोगन आदि विभिन्न डिजाइनों से पोस्टर बनाया था कार्यक्रम अधिकारियों द्वाराष् वोटर ऐपष् डाउनलोड करनेकी विधि, तथा वोटर लिस्ट में आनलाइन अपना नाम चेक करने की विधि समझायी गयी उन्हें एन, बी,एस, पी पोर्टल के विषय मे स्वयसेविकाओं को जानकारी दी गयी इतिहास नंबर के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम ढूँढने के विषय में जानकारी दी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो छात्राएं 18 साल की हो गई है उनका पहला कर्तव्य है कि अपना मतदाता सूची में नाम जरूर पंजीकरण कराएं क्योंकि एक वोट भी बेहतर सरकार को बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं, प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रिचा शुक्ला तथा रसायन विभाग की सहायक आचार्य डॉ ममता वर्मा ने अपना निर्णय दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशी कनौजिया द्वितीय स्थान पर मुस्कान साहू तृतीय स्थान पर महिमा राजपूत ने स्थान प्राप्त किया पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिया यादव तथा दूसरे स्थान पर रूपांशी सिंह रही इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना द्विवेदी, डॉ प्रतिमा घोष तथा डॉ नेहा अग्रवाल, डा ऐश्वर्या सिंह उपस्थित रहीं।

# भाजपा सरकार कर रही आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम : ब्रजेश

संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आज सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डा केके सचान कानपुर तथा प्रदेश सरकार के पूर्वमंत्री व सात बार विधायक रहे नरेन्द्र सिंह यादव फर्रूखाबाद ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष जिला पंचायत फर्रूखाबाद मोनिका यादव, समाजवादी पार्टी से फर्रूखाबाद लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सचिन सिंह यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टिंबर एसोशिएन व प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी व्यापार सभा मोहनीश त्रिवेदी अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय रामप्रताप सिंह चौहान व प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित व्यापारी नेताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों को भाजपा में शामिल किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारें जन-जन की आत्मनिर्भरता से आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही हैं। श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अंत्योदय विचारधारा के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों के लोग लगातार बड़ी संख्या में भाजपा परिवार में शामिल हो रहें हैं। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है और अब हम सब मिलकर इसे सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश सबको शिक्षा, सबको सुरक्षा व सबको चिकित्सा की प्रतिबद्धता के साथ विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। सपा-बसपा की सरकारों में उत्तर प्रदेश गुंडे, माफियाओं, शोहदों,



अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के चंगुल में कैद था। श्री पाठक ने भाजपा की नीतियों तथा विचारधारा पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइंन करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आप क्षेत्रों में परिश्रम के साथ जुटकर बडे अंतर से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में अपना योगदान दीजिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मनीष कक्कड़ भारतीय वुषू संघ के उपाध्यक्ष चुने गए

संवाददाता, लखनऊ। मेरठ में भारतीय वुशू संघ की नई कार्यकारिणी का विधिवत चुनाव कल देर शाम सम्पन्न हो गया। जिसमें जितेन्द्र सिंह बाजवा को नया अध्यक्ष और विजय सर्राफ को नया महासचिव चुना गया। संघ के कोषाध्यक्ष मुरलीधर चौधरी को बने। इस कार्यकारिणी में उत्तर प्रदेश वुशू संघ के महासचिव मनीष कक्कड़ को नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त सुरेन्द्र सिंह सोढ़ी, पी0 एन0 आजाद, हीरानन्द कटारिया एवं उपासना को भी उपाध्यक्ष चुना गया। संघ के संयुक्त सचिव अशोक डी0 मोकाशी, शम्भूसेठ, भवनीत, पी0 जॉनसन और शैलेन्द्र नाथ दूबे चुने गए। उत्तर प्रदेश वुशू संघ के समस्त पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी में उत्तर प्रदेश के महासचिव मनीष कक्कड़ के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रसन्नता प्रकट किया है।

### एस एस सी छात्रों की दिल्ली में गिरफ्तारी की संयुक्त युवा मोर्चा ने निंदा की

संवाददाता, लखनऊ। एसएससी सीजीएल के 2023 के विज्ञापन में आयु गणना में बदलाव कर इसे 1 जनवरी के बजाय 1 अगस्त करने से हजारों छात्र चयन प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित हो गये हैं। एसएससी चेयरमैन के इस अन्यायपूर्ण फैसले से छात्रों में रोष व्याप्त है। इसी वाजिब मांग को लेकर छात्रों द्वारा दिल्ली स्थित एस एस सी मुख्यालय में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के दौरान छात्रों समेत युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय महा सचिव प्रशांत कमल व संयुक्त युवा मोर्चा के प्रतिनिधियों को हिरासत में ले लिया गया। युवा मंच संयोजक राजेश सचान पीएम मोदी को ट्वीट कर तत्काल गिरफ्तार छात्रों को रिहा करने और एसएससी सीजीएल के 2023 के विज्ञापन में आयु गणना पूर्व की भांति 1 जनवरी से करने के लिए हस्तक्षेप की अपील की गई।

### मालवीय नगर वार्ड में निकाय चुनाव के प्रत्याशियों का चला व्यापक जनसंपर्क अभियान

संवाददाता, लखनऊ। जैसे-जैसे निकाय चुनावों की तिथि नजदीक आ रही है प्रत्याशियों के द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये जनसंपर्क अभियान तेजी पकड़ता जा रहा है। सभी वोटरों को अपनी ओर लुभाने के लिये कड़ी मशक्कत करते नजर आ रहे है। मालवीय नगर व मोतीझील क्षेत्र में प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अपने चरम पर चल रहा है। इस क्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रत्याशी व कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष ममता चौधरी ने जमकर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। ज्ञात हो कि इस सीट पर ममता लगातार कांग्रेस के टिकट पर विजयी होती रही है। वही इस बार भाजपा की महिला प्रत्याशी रीना विक्रम सिंह उनको कड़ी टक्कर दे रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार के नाम पर रीना विक्रम क्षेत्र के संपूर्ण विकास के नाम पर वोट मांग रही है। वही क्षेत्र में बसपा के विशाल काशी भी मैदान में ताल ठोककर अपना दावा मजबूत कर रहे हे।

### न्यूनतम मजदूरी 20000 रूपये महीना करने की मांग

संवाददाता, लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने संगोष्ठी का आयोजन किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में श्रमिक नियुक्त मजदूरी 20000 रूपये प्रतिमाह करने एवं ठेकेदारी प्राणी खत्म करने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगी रोक पाए बंदी को हटाने की मांग की गई। महासंघ के महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने संगोष्ठी में वर्तमान समय में मजदूरों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की दशा पर चिंता व्यक्त की। मजदूरों के पास रोजगार नहीं है। उन्होंने के सामने दो वक्त की रोटी का सवाल है। अब तक सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ठेके पर सरकारी संस्थाओं में काम कर रहे हैं।जवानों का खुला आम शोषण हो रहा है।

# पर्यटन विभाग के लोगो व टैगलाइन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

## चयनित लोगो के लिए 01 लाख व टैगलाइन के लिए मिलेगा 50 हजार रूपए पुरस्कार : जयवीर

संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के लोगो यानि प्रतीक चिन्ह हेतु नवीन, सरल, आकर्षक एवं प्रभावी डिजाइन के लिए 01 लाख रूपए तथा प्रभावपूर्ण एवं याद रखने योग्य टैगलाइन के लिए 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। 20 मई अपराह्न 04 बजे तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गयी हैं। उत्तर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इसके लोगो तथा टैगलाइन को अपग्रेड करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की शर्तों के हिसाब से लोगो,टैगलाइन के लिए कुछ विशेषताएं व शर्तें निर्धारित हैं, जिसके तहत लोगो,टैगलाइन नवीन, सरल, प्रभावपूर्ण एवं स्मरण रखने लायक होने के साथ पर्यटन की विलक्षणता का परिचायक हो। विशेषताओं के अन्तर्गत डिजाइन के दो विकल्प प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। इसमें एक सिंगल कलर और दूसरा मल्टी कलर में होना चाहिए। डिजाइन की हार्ड और साफ्ट कॉपी 20 मई अपरान्ह 04 बजे तक पर्यटन निदेशालय में पहुंच जानी चाहिए। इसके सम्बंध में अधिकतम जानकारी वेबसाइट पर भी प्राप्त की जा सकती है।




# आयुष अस्पतालों की जियो टैगिंग में बड़ी लापरवाही

- गलत लोकेशन को कराया टैग, 2 दर्जन चिकित्साधिकारियों को नोटिस जारी

संवाददाता

लखनऊ। यूपी के आयुष अस्पतालों में लापरवाही से जुड़ा नया मामला सामने आया हैं। अस्पतालों के डिजिटलाइजेशन के मकसद से शुरू की गई जियो टैगिंग प्रक्रिया में गड़बड़ी पाई गई हैं। अस्पताल की लोकेशन की जगह किसी अन्य लोकेशन को अस्पताल के नाम पर टैग किया गया हैं। मामला सामने आने के बाद प्रदेश के 2 दर्जन से ज्यादा चिकित्साधिकारियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया हैं। दरअसल मरीजों को सरकारी आयुष अस्पतालों में पहुचने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इस मकसद से सभी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी अस्पतालों के जियो टैगिंग के निर्देश जारी किए गए थे। जियो




टैगिंग करने वाली कंपनी ने सभी अस्पतालों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों से अस्पताल की लोकेशन मांगी। अस्पताल की लोकेशन की जगह कुछ चिकित्साधिकारियों ने गलत लोकेशन भेज दी। जांच करने पर पता चला कि कुछ ने घर के आसपास की लोकेशन भेज दी है। मामला पकड़ में आने के बाद इन चिकित्साधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया हैं। विभागीय जानकारों की माने तो चिकित्साधिकारियों ने अस्पताल की लोकेशन देने के बजाय अपने घर के आसपास अथवा अस्पताल से दूर हटकर लोकेशन भेज दी है। प्रदेश के 57 जिलों के सत्यापन में 24 चिकित्साधिकारियों की मनमानी पकड़ी गई है। हालांकि कुछ जिलों का अभी सत्यापन चल रहा है। संभव हैं अन्य जनपदों में भी गड़बड़ियां हो।

# पूर्व विधायक के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी सपा छोड़ कर भाजपा में हुए शामिल

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी व्यापार सभा के पूर्व प्रदेश सचिव एवम् पूर्व विधायक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित रामपाल त्रिवेदी के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी समाजवादी पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए। श्री त्रिवेदी को सदस्यता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा दिलवाई गई। उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर ब्रजेश पाठक का स्वागत किया गया स श्री त्रिवेदी के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक अख्तर खान,अयोध्या से प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह,देवेंद्र सिंह,सत्य नारायण,अमरोह से मोहम्म दरजा,सरफराज हुसैन, धर्मेंद्र, सलीम व असलम सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के दर्जनों जिलों के सैकड़ों पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेंगे।

# सीएम आवास के पास आत्मदाह करने वाले युवक की मौत

## मेडिकल कॉलेज में चल रहा था इलाज, बीजेपी विधायक को दी थी जान से मारने की धमकी

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में सीएम आवास के पास आत्मदाह करने वाले युवक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। 26 अप्रैल को युवक ने आत्मदाह किया था। इसके तुरंत बाद पुलिस वालों ने कंबल डालकर आग को बुझा दिया था। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक का नाम आनंद मिश्र है। वह मूल रूप से उन्नाव के माखी थाना के रनागढ़ी चकलवंसी का रहने वाला था। उसने 21 अप्रैल को फेसबुक पर विधायक बंबा लाल दिवाकर को गोली मारने की धमकी दी थी। इसमें लिखा था, मैं महाकाल बाबा की सौगंध खाता हूं, जुलाई में हमारी गोली का निशाना बीजेपी विधायक बंबा लाल बनेंगे। हमारे साथ इंसाफ हुआ तो सही है। अगर नहीं हुआ तो जुलाई में बंबा लाल विधायक पर शोक मनाना। यह महाकाल के भक्त की चेतावनी है। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। आनंद की तलाश की जा रही थी। इसके अलावा आनंद का उन्नाव सपा के सीयूजी नंबर पर 2 मिनट 24 सेकेंड की बातचीत का ऑडियो भी वायरल हुआ था। फोन एसपी के पीआरओ ने उठाया। इसमें वह अपना नाम रनागढ़ी चकलवंसी निवासी आनंद बता रहा है। इस पर पीआरओ उससे पिता का नाम पूछते हैं तो वह कहता है कि नहीं पता। फिर कहता है कि अप्रैल महीना चल रहा है। जुलाई में सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर को गोली से उड़ा दूंगा। अगर नहीं मार पाया तो खुद को खत्म कर लूंगा। युवक ने पीआरओ से कहा कि कुछ समय पहले उसके भाई पर गांव में कुल्हाड़ी से वार किया गया था। विधायक के दबाव में माखी पुलिस ने रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की। एसपी के पीआरओ ने जब उससे प्रार्थना पत्र देने को कहा तो वह भड़क कर बोला कितनी बार प्रार्थना पत्र दूं। युवक ने माखी पुलिस पर सफीपुर विधायक के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया था। इसके बाद फिर वह धमकी देता है कि दम हो तो विधायक को बचा लेना। सीओ ऋषीकांत शुक्ल का कहना है कि युवक ने सोशल मीडिया के साथ ही एसपी के पीआरओ को फोन कर विधायक को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसने धमकी देने का कारण नहीं बताया था। जांच में सामने आया है कि उसका 2021 में एक्सीडेंट हुआ था। इसमें उसका कहना था कि उसकी मदद नहीं की। जिससे वह आहत था। वहीं एक



मारपीट मामले में भी सुनवाई नहीं हुई थी। उसके परिजनों से संपर्क किया गया था। इसी बीच उसने मोबाइल फोन बंद कर लिया। पूरे मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सबका घर आश्रम में मजबूरों के चहरों पर बिखरेगी मुस्कान : अनिल गुरुजी



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा। इटावा जनपद में विगत कई बर्षो से बिना शोहरत और गुमनाम की तरह गरीब,बुजुर्ग दिन दुखियों की बिना स्वार्थ सहायता करने वाली जनपद की समाजसेवी महिला मीरा देवी ने महिला मुस्कान संगठन की स्थापना करते हुए इटावा शहर के मंडी रोड शकुंतला नगर में सबका घर आश्रम का एक विशाल भवन में संचालन शुरू कर दिया। सबका घर आश्रम में सभी असहाय,मजबूर, बेसहारा महिला-पुरुष बिना कुछ काम किये बगैर सुरक्षित रह सकेंगें।बीते दिन जनपद मैनपुरी तहसील करहल अन्तर्गत ग्राम जरिया नीम खेड़ा स्थित जय मां काली सेना के अध्यक्ष अनिल गुरुजी महाराज ने बतौर मुख्यातिथि फीता काटकर शुभारम्भ किया है।इस मौके पर अनिल गुरुजी महाराज ने उपस्थित समाजसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस आधुनिक जीबन में हमारे बेटे और बहुएं अपने माता-पिता व सास-ससुर की जिम्मेदारियां और अपने कर्तव्यों का निर्वाह नही कर पा रहे है,यह सब इस परिवर्तित आधुनिक दुनिया का असर है। आज जब हमारे बेटे-बहु अपने बुजुर्ग असहाय व लाचार हुए माता-पिता और सास-ससुर को अपने साथ उन्हीं के घर मे रखने को तैयार नही होते हैं तब इटावा जनपद के ग्राम खितौरा निवासिनी समाजसेवी महिला मीरा देवी भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के सपने को साकार करने का संकल्प लेकर नारी शसक्तीकरण की जोरदार प्रस्तुति करती है,जिसके तहत महिला मुस्कान संगठन का गठन कर इसी संस्था के तत्वाधान में सबका घर आश्रम का संचालन करती है,हमें मीरा देवी जैसी उन सब बेटियों पर नाज करना चाहिए गौरवान्वित होना चाहिए कि ऐसी बेटियां सब के घर मे जन्म लें। सबका घर आश्रम का शुभारम्भ करते हुए अनिल गुरुजी महाराज ने महिला मुस्कान संगठन की संस्थापक अध्यक्ष मीरा देवी और सचिव रिंकू यादव, कोषाध्यक्ष राजीब यादव को शुभ आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व अपने सम्बोधन में मौजूद चिकित्सक डॉ0पंचम सिंह ने सबका घर आश्रम में ठहरने वाले सभी जनों के स्वास्थ्य की जांच परीक्षण उपरांत सभी का निशुल्क इलाज करने का वादा किया।इससे पूर्व संस्था की संचालिका मीरा देवी राजीब यादव,रिंकू यादव, धर्मेन्द्र,अनुज कुमार, विकास,कुसुम राठौर आदि सदस्यों ने मुख्यअतिथि महाराज जी का पुष्पहार पहना कर व प्रतिक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया।शुभारम्भ के अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ0केवी सिंह,राजपाल यादव,ध्रुव कुमार,शरद वाजपेई सभासद,शिक्षक वेलफेयर एसोशियसन उ0प्र0के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव,अनिल वाजपई, प्रशान्त गौड़,आनन्द शुक्ला,बीरेन्द्र यादव उर्फ छोटू,पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविन्द? यादव, पुष्पेन्द्र राजपूत,श्रीकृष्ण दूधिया,जागेश्वर प्रसाद, सुखवीर सिंह फौजी, अनिल यादव,जितेन्द्र कुमार,भूपेन्द्र यादव,प्रीति देवी,वर्षा देवी,गुन्नी देवी, शिल्पी देवी,ममता देवी आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# हल्की सी ही बारिश में कटका मायंग मार्ग चलना हुआ मुश्किल

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा कटका मायंग जाने वाली रोड थोड़ी सी ही बारिश में तालाब बन गई । जिससे आने जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । ऐसे में रोड़ पर धान की बुआई कर के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को विरोध किया गया ।इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत को लेकर वे मांग करते आ रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही है.बारिश के मौसम में हालात बेहद खराब हो जाते हैं. दलदल बनी सड़क से गुजरना मुश्किल होता है. आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, इसे लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं है क्या यही है भाजपा सरकार के गड्ढा मुक्त वादे कहाँ है जनता की जन समस्याओं से कोई सरोकार नही है । ऐसे हम सभी कि कोई सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में मजबूरन उन्हें सड़क पर धान की बुआई कर अपना गुस्सा जाहिर करना पड़ रहा है।सड़क के दोनों तरफ दुकान एवं मकान ऊंचे हो चुके हैं। सड़क नीची होने की वजह से जलभराव की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जनप्रतिनिधि व प्रशासन से मांग है रोड की जल्द नवीनीकरण बाजारों में पक्की नाली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । प्रदर्शन करने में अमन मिश्रा ,सुरेश कुमार , करन विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, राम जवाहिर, मोहनलाल, अशोक विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, अतुल विश्वकर्मा, भोलाई , राजू कुमार, आदि लोग शामिल हुए ।

## कलम के हमराही" कृति का हुआ लोकार्पण

संवाददाता, भरथना,इटावा। भरथना की समाजसेवी संस्था नव चेतना मंच के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई कवियों ने अपनी-अपनी रचनायें पढकर साहित्य की धारा प्रवाहित की। रविवार को कस्बा के जवाहर रोड स्थित अवध गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कवियत्री डा0मंजू यादव ने सरस्वती वन्दना 'कर दो ज्ञान सवेरा' पढकर ज्ञान की देवी माँ वीणा वादिनी का आवाहन किया। तदुपरान्त अन्य कवियों सतीश मधुप,लटूरी लट्ठ, महेन्द्र मिहोनवी, गजलकार अशोक यादव, सुनील त्रिपाठी निराला, विजय सिंह पाल,गोविन्द माधव शुक्ला,हरिओम विमल,सत्यदेव आजाद, प्रदीप पंचम आदि ने भी अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं की तालियां बटोरीं। इससे पूर्व आमंत्रित कवियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही कवि श्रीरामराही की कृति "कलम के हमराही" का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव,पूर्व जिपंस मनोज यादव बण्टी, श्रीकृष्ण यादव, करूणाशंकर दुबे,मीनू दुबे, नीरज यादव,के0के0 यादव,अनिल दीक्षित, रजनेश कुमार सहित कई श्रोताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद तिवारी हंस व सफल संचालन सतीश मधुप ने किया।

## महिला की सन्दिग्ध मौत के मामले में पति पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, भरथना,इटावा। इटावा जनपद का पड़ौसी जिला मैनपुरी अन्तर्गत थाना बेबर क्षेत्र इटावा रोड़ निवासी दिव्यम गुप्ता पुत्र प्रेम शंकर ने भरथना कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंप कर हत्या का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में दिव्यम गुप्ता ने बताया कि उसकी बहिन रश्मी पोरवाल की शादी भरथना कोतवाली कस्बा के मोहल्ला गांधी नगर निवासी राजीव पोरवाल के साथ की गई थी। शादी के बाद से ही बहिन रश्मी पोरवाल को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जारता था। उक्त सम्बन्ध में रश्मी द्वारा अपने परिजनों को समय समय पर अवगत कराया गया,लेकिन बहनोई राजीव पोरवाल समझाने के बाद अपनी मांग पर अड़ा रहा और आये-दिन उसकी बहिन रश्मी का उत्पीड़न करता रहा। इस बीच बहनोई राजीव पोरवाल ने दहेज की मांग को लेकर अपनी दूसरी शादी करने करने का मन बना लिया और बीते दिन 1 मई को उसकी बहिन रश्मी को मौत के घाट उतार दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित भाई के प्रार्थना पत्र के आधार पर पत्नी की हत्या के आरोप में पति राजीव पोरवाल के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजिकृत कर सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

## विश्व अस्थमा दिवस : सैंफई में सम्पन्न हुई गोष्ठी

संवाददाता, सैंफई,इटावा। विश्व अस्थमा दिवस पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में मंगलवार को रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के कुलपति प्रो0डॉ0प्रभात कुमार ने कहा कि अस्थमा सांस से जुड़ी बीमारी है। हम सभी को सांस से जुड़ी बीमारियों को लेकर जागरूक होना चाहिए। अस्थमा रोगियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाना चाहिए और धूम्रपान से दूरी बनानी चाहिए। रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो0डॉ0 आदेश कुमार ने अस्थमा विषय पर विशेष व्याख्यान गोष्ठी में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सांस लेते समय सीटी की आवाज आना सीने में जकड़न की निशानी है। सांस लेने में परेशानी,बार-बार गला साफ करने का मन और हर समय थकान महसूस हो तो तत्काल जांच करानी चाहिए। यह अस्थमा के लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा होने से लोगों को खास तरह की एलर्जी होती है या किसी किसी को जेनेटिक समस्या होती है। खासतौर पर बच्चों को धूल व तेज गंध वाली वस्तु से दिक्कत बढ़ जाती है तो धूल मिट्टी से दूर रखना चाहिए। बच्चों को समय पर दवा लेते रहना चाहिए। खासकर दवा लेने में गैप नहीं करना चाहिए। रेस्पिरेट्री मेडिसन विभागाध्यक्ष डॉ0आदेश ने बताया कि जलवायु परिवर्तन,बढ़ता वायु प्रदूषण,अस्त व्यस्त जीवनशैली से अस्थमा रोगी बढ़ रहे हैं। ओपीडी में लगभग 20-25 प्रतिशत मरीज अस्थमा के आते हैं। इसमें हर वर्ग के लोग होते हैं। अब यह समस्या खास तौर से बच्चों में ज्यादा देखी जा रही है। अस्थमा की अभी कोई दवा उपलब्ध नहीं है। रोगी को घर से बाहर निकलते समय रुमाल या मास्क का प्रयोग करना चाहिए स यथासंभव धूल या प्रदूषण वाली जगह में न जाएं। इनहेलर का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह पर ही करें। ठंडे या खट्टे पदार्थों से परहेज करना चाहिए। गोष्ठी में मेडिकल सुप्रिडेंट डॉ0एसपी सिंह,डॉ0उषा शुक्ला, डॉ0रमाकांत,डॉ0 राजेश यादव,डॉ0चद्रवीर डॉ0जितेंद्र,डॉ0सोमेंद्र,डॉ0 अमित,डॉ0आदित्य,डॉ0 प्रशांत व मेडिकल छात्र आदि उपस्थित रहे।

## देश के विकास में मजदूरों की भूमिका महत्वपूर्ण

संवाददाता, इटावा। भारत विकास परिषद तुलसी शाखा तथा पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने संयुक्त रूप से मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश चंद यादव कहा कि मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनियाभर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। उन्होने कहा कि मजदूरों के नाम समर्पित यह दिन 1 मई है। मजदूर दिवस को लेबर डे,श्रमिक दिवस या मई डे के नाम से भी जाना जाता है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाते हैं, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। पूर्व अध्यक्ष अंजू ने कहा मजदूर किसी भी देश के विकास के लिए अहम भूमिका में होते हैं। तुलसी की सचिव मंजू ने कहा हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिए श्रम करते हैं। इस अवसर पर मजदूरों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया ।

## निर्विरोध जीते दो सभासद,मिले प्रमाण पत्र

संवाददाता, जसवंतनगर,इटावा। नगर निकाय चुनाव में नाम वापसी के दिन 25 वार्ड में सभासद पद पर दो वार्ड में नाम वापसी के साथ एक-एक प्रत्याशी रह गया था जिससे उनके निर्विरोध सभासद बनने की स्थिति साफ हो गई थी। सोमवार को चुनाव प्रक्रिया के तहत रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कौशल कुमार ने वार्ड नंबर 8 से निर्विरोध सभासद प्रमोद कठेरिया और वार्ड नंबर 10 से निर्विरोध दिलीप कुमार को निर्विरोध घोषित कर प्रमाण पत्र सौंप दिए हैं। दोनों निर्विरोध सभासदों ने वार्ड के विकास का वादा और जनता जनार्दन के लिए कृतज्ञता जाहिर की। प्रमाण पत्र दिए जाने के समय रतन पांडे,निखिल गुप्ता,राज किशोर दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## हवलदार रामू यादव के निधन की खबर पहुंचते ही क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

संवाददाता, रायबरेली। जनपद के ग्राम बिन्दा खेड़ा सेमरी, लालगंज निवासी हवलदार रामू यादव के निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । उल्लेखनीय है कि हवलदार रामू यादव यूनिट 282 रेजिमेंट नासिमपुर सिलचर में तैनात थे। बीती आज रात हार्टअटैक आने के कारण अचानक निधन से हर कोई स्तब्ध हो गया । बताते चलें कि भारतीय थल सेना में लगभग 20 वर्षो की सेवा करते हुए उन्होंने अंतिम सांस ली । सेना के जवान की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व सविता यादव से हुई । उन्होंने अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गये । साथ ही अभी उनके माता-पिता भी हैं जो वृद्धावस्था में हैं । पिता एक साधारण किसान हैं । निधन की सूचना मिलते ही सैनिक समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जय सिंह यादव फौजी ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया । उन्होंने बताया कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ राष्ट्रसेवा करते हुए भारत माँ की गोद में अमर हो गए।

# पुलिस ने दो दिन पूर्व हुई हत्या का किया खुलासा, दो चचेरे भाइयों ने हत्या की वारदात को दिया था अंजाम,

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

हरदोई। संडीला कस्बे में दो दिन पूर्व हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। जिसमें संपत्ति के विवाद में हत्या करने की बात सामने आई है। पुलिस ने हत्या में शामिल दो चचेरे भाइयों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से हत्या में प्रयुक्त ईंट व घटना के समय पहनी गई टी -शर्ट बरामद की है। बताते चले कि संडीला कस्बे के मोहल्ला बरौनी में विगत 30अप्रैल की सुबह बलऊ कश्यप का शव मिला था। जिसके सिर पर चोट के निशान थे और पास में ही खून से सनी एक ईंट मिली थी। मृतक के भाई सकटू ने मकान कब्जे के विवाद को लेकर विमलेश और कैलाश को नामजद करते हुए तहरीर दी। जिसमें हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। जांच में पुलिस ने पाया मृतक बलऊ और आरोपियों के पिता तीन भाई थे। जिसमें सबसे छोटे श्रीराम की मौत होने पर बलऊ व उसके भाई सकटू ने मकान पर कब्जा कर लिया। इसी मकान के कब्जे को लेकर बलऊ और रामसेवक उर्फ छोटे व विमलेश के बीच विवाद चल रहा था। जिसमें रामसेवक उर्फ छोटे व विमलेश ने मौका पाकर बलऊ की हत्या कर दी। नामजद आरोपी कहीं भागने के फिराक में थे, तभी पुलिस ने बेनीगंज संडीला रोड भुइयन देवी मंदिर के पास से घेराबंदी कर उनको गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम रामसेवक उर्फ छोटे व विमलेश बताया। उन्होंने बताया कि मकान कब्जे को लेकर सकटू व उनके बीच विवाद चल रहा था। इसी के चलते उन्होंने सकटू को मारने की योजना बनाई। तभी सकटू शहनाई मैरिज लॉन के पास अकेला जाता दिखाई दिया। इस पर



आरोपी रामसेवक ने बलऊ का पीछा किया। जिसके बाद निर्जन गली में मौका पाकर रामसेवक ने वहीं पर पड़ी ईंट से सिर कूचकर बलऊ की हत्या कर दी। फिर वहीं पर मृत अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट व घटना के समय पहनी गई टी शर्ट बरामद की है।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि संडीला में दो दिन पूर्व हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। मकान कब्जे को लेकर मृतक सकटू और उसके चचेरे भाइयों रामसेवक व विमलेश के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर दोनों ने अकेला पाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शिवपाल-रामगोपाल लंबे अर्से बाद दिखे एक साथ

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



इटावा। इटावा में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए राष्ट्रीय सपा प्रमुख महासचिव और राष्ट्रीय महासचिव एक मंच पर लंबे अरसे के बाद एक साथ पहुंचे। दोनों नेता एक ही गाड़ी में बैठकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सदर नगर पालिका प्रत्याशी के लिए वोट मांगने के लिए कार्यक्रम हुआ था। यह तस्वीर काफी लंबे अर्से के बाद देखने को मिली। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी इटावा नगर पालिका प्रत्याशी ज्योति गुप्ता के कार्यालय का उद्घाटन शहर के मच्छीपुरा में किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव एक साथ एक ही गाड़ी में बैठकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और कार्यालय का उद्घाटन किया।

**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**

दोनो ही नेता लंबे अरसे के बाद इटावा में एक साथ एक मंच पर शिरकत करने पहुंचे हैं। सपा से हटकर शिवपाल यादव ने प्रसपा का गठन किया था। जिसके बाद लगातार दोनों ही दिग्गज नेता अपने अपने संगठन के लिए काम कर रहे थे। लेकिन शिवपाल सिंह यादव के सपा में पुन: शामिल होने के बाद अब दोनों ही नेता आम निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए कार्यकर्ताओं से वोट की अपील करने पहुंचे है।

# एक सप्ताह पूर्व हुई ओमनी कार चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

हरदोई। शहर कोतवाली पुलिस ने ओमनी कार चोरी का खुलासा किया है। चोरों ने एक सप्ताह पूर्व 25अप्रैल को बालाजी हॉस्पिटल के पास से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर दो ओमनी कार और शस्त्र बरामद किए है।बताते चले कि लखीमपुर जनपद के थाना मैगलगंज के अलियापुर निवासी शिवकुमार हरदोई आए थे। वह शहर कोतवाली के बालाजी हॉस्पिटल के पास ओमनी कार खड़ी करके चाय पीने चले गए। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिवकुमार की ओमनी कार को चोरी कर लिया। पीड़ित शिवकुमार की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर चोरी के जांच में जुटी थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि शातिर चोर ओमनी कार से सधई बेहटा होकर हरदोई आ रहे है। नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस फोर्स चेकिंग में लगी थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की ओमनी कार आती दिखायी दी। पुलिस टीम ने कार को रोकने का प्रयास किया। इस पर चालक द्वारा कार को मोड़कर भागने का प्रयास किया गया। पीछा करने पर कार सवार आरोपियों ने खुद को घिरा देखकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने फिर घेराबंदी कर कार छोड़कर भाग रहे दो आरोपियों को बच्चा जेल के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने अपना नाम पिहानी थाना क्षेत्र के भिरिया निवासी बब्लू राठौर व राजाराम राठौर बताया है। जिनके पास से पुलिस ने दो तमंचे, चार जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। साथ ही शिवकुमार की चोरी की ओमनी कार को पुलिस ने बरामद किया है। शातिर चोरों ने फरवरी माह में एक ओमनी कार को पिहानी क्षेत्र से चोरी किया था। जिसे पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम पूराबहादुर कोतवाली शहर से बरामद किया है। दोनों शातिर चोर हरदोई समेत सीतापुर, लखीमपुर खीरी व कन्नौज से वाहन चोरी करते थे। अंजान व्यक्तियों को वाहन बेचकर होने वाले आर्थिक लाभ से वह अपने परिवार का पालन -पोषण करते थे। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व हुई ओमनी कार चोरी का खुलासा किया है। आरोपी बबलू व राजाराम हरदोई समेत विभिन्न जनपदों में कार चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जिन्हें अंजान व्यक्तियों को बेचकर होने वाले लाभ से अपने परिवार का पालन -पोषण करते थे। जिनको पुलिस ने मुठभेड़ में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो चोरी की ओमनी कार समेत दो तमंचे, चार जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

# सच्चे सेवक के रूप में कार्यरत है भावि परिषद : कुलश्रेष्ठ

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



इटावा। भारत विकास परिषद् इटावा ने निर्णय लिया है कि गला सुखा देने बाली भीषण गर्मी में राहगीर और यात्रियों की सेवार्थ निशुल्क जल सेवा दो माह तक अनवरत जारी रहेगी। भारत विकास परिषद् इटावा ने निशुल्क जल सेवा रेलवे स्टेशन पर प्रारम्भ की भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा इटावा के तत्वावधान में निशुल्क जल सेवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर प्रारम्भ की है मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा-2 और विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा प्रान्तीय महासचिव ने भारत माता और स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों पर रोली चंदन लगाकर दीप प्रज्ज्वलित किया तत्पश्चात सभी लोगों ने सम्वेत स्वर में वन्देमातरम का गायन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष और संचालन अत्रि दीक्षित-सचिव ने किया।शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विवेक कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारत विकास परिषद भारत माता का सच्चे सेवक के रूप में कार्य कर रहा है हर वर्ष अपनी सेवाएं इटावा पर आने वाले यात्रियों को देता है। उन्होंने कहा कि जिस समय लोग घरों में कोरोना महामारी के डर से बैठे थे उस समय भी भारत विकास परिषद भारत की जनता की सेवा में जुटा हुआ था आप सबका सहयोग अतुलनीय है।भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे ने कहा कि भारत विकास परिषद 1995 से निरंतर जल सेवा कर रहा है इस वर्ष भी यात्रियों की सेवार्थ निशुल्क जल सेवा दो माह तक अनवरत जारी रहेगी जो भी समाज सेवी सेवा कर पूण्य लाभ कमाना चाहते हैं वे सादर आमंत्रित हैं।संयोजक ओमप्रकाश तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ओमप्रकाश तिवारी,अमित कुमार दुबे सिबलू,बृजेश कुमार कुलश्रेष्ठ,राजीव लोचन दीक्षित,श्रीमती पल्लवी मिश्रा को मुख्य अतिथि द्वारा जल सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यात्रियों को मिष्ठान वितरण के बाद शीतल जल पिलाया गया।

# आवास के बदले पैसा लेने का लगा आरोप तो जारी कर दिया नोटिस

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता, हरदोई। टड़ियावां ब्लॉक क्षेत्र के गांव तारा पुरवा मजरा बरौली निवासी विभा पत्नी महेश्वर ने डीएम को दिए पत्र में व मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। की वह आवास के लिए पात्र है जिसके चलते उसको प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया था। जिसकी प्रथम व दूसरी किस्त की धन राशि भी प्राप्त हो गई थी जिस पैसे से जितनी जमीन थी उस पर आवास भी बनकर तैयार हो गया है। अब आवास बनने के बाद अधिकारी जांच करने आए तो लाभार्थी से पूछा कि आवास के बदले कोई पैसा तो नहीं लिया गया तो पीड़िता ने अधिकारियों को बताया की प्रधान व सेक्रेटरी ने तीस हजार रूपये लिया था। उसके बाद आवास का लाभ मिला था। जांच अधिकारी के जाने के बाद ही ग्राम पंचायत अधिकारी ने नोटिस महिला को नोटिस थमा दिया है। जिसमें कहा गया है की आवास निर्धारित मानचित्र एवं निर्धारित क्षेत्र के अनुसार नहीं बनाया गया है। जिससे आवास के पैसे की रिकवरी के साथ संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अब पीड़िता का कहना है कि प्रथम किस्त के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी ने आवास की जांच करा कर दूसरी किस्त खाते में भेजी थी फिर भी अगर मानचित्र के अनुसार आवास नहीं बन रहा था तो दूसरी किस्त जारी नहीं करनी थी। जब की ग्राम सभा में कई आवास और बने हैं जिनकी कोई जांच नहीं की गई है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाओं की हकीकत

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

ऊँचाहार, रायबरेली। नगर पंचायत चुनाव को लेकर मंगलवार को डीएम माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के कस्बा स्थित विद्यालयों में बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान खामियों को दुरुस्त करने को एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।समय रहते मतदान की सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके इसको लेकर मंगलवार को डीएम ने पुलिस अधीक्षक के साथ कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नवीन पूर्व माध्यमिक समेत राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्रों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान बिजली, पानी, कमरों की छतों में लगे इलेक्ट्रॉनिक पंखों समेत खिड़कियों की व्यवस्थाएं देखी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में खुले में लगी बच्चों की कुर्सी मेज को सुरक्षित कमरे में रखवा कर स्वच्छता के निर्देश दिए। डॉ अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में भी साफसफाई के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने लोगों से मतदान



स्थित के दौरान अराजकता व हिंसा जैसी घटनाओं के बारे में पूछताछ की। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, सीओ रामकिशोर सिंह, तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता, ईओ निखिलेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन सभी प्रत्याशियों ने झोंकी अपनी ताकत

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सारा दिन कस्बे में रैलियों की गूंज रही। भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा के प्रत्याशियों ने पूरे जोश खरोश के साथ अपने समर्थकों को लेकर कस्बे की गलियों में अपनी अपनी पकड़ दिखाने में लगे रहे। यही नही चुनावी समर में वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक , जिला पंचायत सदस्यों ने अपने अपने प्रत्याषियों के समर्थन में मतदाताओं से अपील की। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन भाजपा प्रत्याशी सरला साहू ने भी कस्बे की गलियों में घूम घूम कर लोगो से चौथी बार उन्हे बहुमत से कुर्सी पर बैठाने की अपील की। यही नही सरला साहू के समर्थन में स्नातक एमएलसी इं0 अवनीश सिंह ,पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, क्षेत्रीय



मंत्री सुनील मौर्य आदि दिग्गजों ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा कार्यलय से निकलकर पूरे कस्बे में पैदल भ्रमण कर सरला साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सपा प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य व बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने समर्थकों के साथ पूरे कस्बे में रैली निकालकर मतदाताओं से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सपा के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी इरशाद अहमद ने भी कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुशील पासी की अगुवाई में दर्जनों महिलाओं व समर्थकों के साथ पैदल रैली निकालकर मतदाताओं से समर्थन मांगा।

**सपा के जातिगत मतदाताओं में भाजपा ने बाहर के जातीय नेताओ को बुला कर की सेंध लगाने की कोशिश**

जहां एक ओर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जातिगत रणनीति और अल्पसंख्यक समुदाय की जोड़ तोड़ मे लगे हुए है तो वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आए मौलाना अतीकुर्रहमान, जिला अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष इं0 विजय रस्तोगी, जिला महामंत्री आलोक गुप्ता, जिला संरक्षक डा0 जे0के0 गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी सरला साहू के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए सपा की जातिगत समीकरण में सेंध लगाने की कोशिश की ।देखना है की इन नेताओ की बातो का स्थानीय मतदाताओं पर कितना प्रभाव पड़ता है।

# तरक्की,विकास व सुरक्षा के लिए माफियाओं पर कार्रवाई जरूरी : मेनका गाँधी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने मंगलवार को अपने दौरे के दूसरे दिन सुल्तानपुर नगर पालिका,लंभुआ व कोइरीपुर नगर पंचायत मे भाजपा प्रत्याशी प्रवीन कुमार अग्रवाल,विजय प्रताप त्रिपाठी एवं सीमा साहू सहित सभासदों के समर्थन में ताबडतोड सभाए कर वोट मांगा कहा कि हर मां चाहती है कि उसका घर साफ सुथरा व सौंदर्य भरा हो,जिसके लिए मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशियों को जिताना जरूरी है ।उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार के बाद नगर निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार होने से विकास कार्यों में तेजी आएगी ।उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा माफ़ियाओं के सफाई के अभियान पर कहा प्रदेश सरकार के अभियान से सभी माफ़िया अपने घरों में दुबक गए हैं ।सांसद ने कहा कि आम जनमानस शराफत से जीना चाहता है ।उन्होने कहां अगर हम तरक्की, विकास व सुरक्षा चाहते है तो माफ़ियाओं,अपराधियों व बदमाशों पर कार्रवाई करनी होगी,जिसके लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बखूबी काम कर रही है ।लंभुआ, कोइरीपुर व सुल्तानपुर में एक दर्जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहा हम सुलतानपुर व नगर पंचायतों को ऐसा चमकाना चाहते है कि जब यहां से लोग अयोध्या जाए तो कहे यह शहर व नगर पंचायत अयोध्या से भी सुंदर है ।सीता कुंड घाट पर महिला मोर्चा के संबोधन को भी संबोधित किया। वेदूपारा में रामगंज रजवाहा में पानी नहीं छोड़े जाने की शिकायत पर फौरन संबंधित अधिशासी अभियंता से फोन पर वार्ता कर रजवाहा में पानी छोड़ने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह, शशिकांत पांडे, व्यापारी नेता विजय प्रताप सिंह,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, संजय सरोज, डॉ महिमा शंकर द्विवेदी, गोविंद तिवारी,नन्हे तिवारी, प्रमोद सिंह, सुमन राव कोरी आदि मौजूद रही।

## दुष्कर्म के आरोपी अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। दुष्कर्म का आरोपी 55 वर्षीय अधेड़ बेहोशी की हालत में नइया किनारे पड़ा मिला पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना क्षेत्र के कैर गांव की है। गांव निवासी मोहनलाल उम्र 55 वर्ष पर गांव के ही एक युवती के पिता ने बीते 28 अप्रैल शुक्रवार को उसकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मामले में चार दिन बाद मंगलवार को पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी मोहनलाल घर से चला गया। दोपहर लगभग 2 बजे वह संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के निकट नइया के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि बेहोशी की हालत में नइया किनारे पड़े मिले मोहनलाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मोहनलाल पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था ।पृथम दृष्टया लोकलाज के कारण उसने जहर खाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**जहर देकर मारने का आरोप**

मृतक मोहनलाल घर में अकेले रहता था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो गई थी। मृतक की पुत्री लीलावती ने गांव के ही लोगों पर रंजिशन जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।

## भाजपा प्रत्याशी से नाराज है बीजेपी का मूल मतदाता

संवाददाता, बछरांवा, रायबरेली। नगर निकाय चुनाव में रायबरेली के बछरांवा सीट पर बीजेपी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया है जो पार्टी में था ही नहीं, ऐन वक्त चुनाव के पहले उसने पार्टी ज्वाइन की और प्रत्याशी बन गया, इसको लेकर ना केवल भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं में नाराजगी है बल्कि भाजपा का मूल मतदाता भी नाखुश है। माना यह जा रहा है एक दल बदलू पूर्व विधायक की सिफारिश पर भाजपा ने अपना प्रत्याशी दिया है। भाजपा समर्थको में इस बात का रोष है कि ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी क्यों बनाया गया जिसका पार्टी के लिए कोई योगदान नहीं रहा है और साथ ही वो व्यक्ति एक पूर्व विधायक का पिछलग्गू है, जिसका अस्तित्व एक रबर स्टाम्प जितना ही रहेगा। आम मतदाताओं का कहना है कि प्रत्याशी पहले भी अध्यक्ष रहे है और पिछले कार्यकाल में स्वतंत्र रूप से तो काम किया था लेकिन अब एक पूर्व विधायक की सिफारिश पर टिकट दिया गया है इसलिए तय है कि उन्हीं के प्रभाव में काम होगा। विकास नहीं होने पाएगा।

## बसपा चेयरमैन प्रत्याशी शबाना खातून पत्नी सैयद गौस अशरफने तूफानी जनसंपर्क किया

संवाददाता, अंबेडकर नगर। आगामी निकाय चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है बहुजन समाज पार्टी ने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर सैयद गौस अशरफ पत्नी शबाना खातून को मैदान में उतारा है जो लगातार जनसंपर्क कर रही हैं और लोगों का आशीर्वाद मांग रही हैं जनसंपर्क अभियान को गति देते हुए शबाना खातून ने बसखारी किछौछा दरगाह आदि क्षेत्रों में वोट मांगे। इस दौरान जनता ने शबाना खातून को चौथी बार चुनाव में जीत हासिल करने का आशीर्वाद दिया। आपको बता दें कि निकाय चुनाव को लेकर काउंट डाउन शुरू हो गया है नगरपालिका परिषद अशरफपुर किछौछा में 11 मई को चुनाव होंगे इसके लिए तैयारियां तेज हो गई है बसपा की चेयरमैन पद की उम्मीदवार शबाना खातून दिन-रात क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं

# सिविल लाइन के उजड़े दुकानदारों को पालिका की जमीन पर की जाएंगी दुकानें आवंटित : शत्रोहन सोनकर

### दुकानदारों को पुनः स्थापित कर रोजी-रोटी से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाया जाएगा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

रायबरेली। नगर पालिका अध्यक्ष पद के कांग्रेस से प्रत्याशी शत्रोहन सोनकर ने कहा कि यदि मैं नगर पालिका का अध्यक्ष बनता हूँ तो सिविल लाइन्स स्थित सैकड़ों पीड़ित दुकानदारों को न्याय दिलवाने का काम करूँगा, शहर की जनता इस बात को जानती है जिले में कुछ लोग अपनी राजनैतिक हैसियत बनाने के बाद केवल गरीब और कमजोरों की जमीन पर कब्जा करते रहे हैं। दशकों से काबिज दुकानदारों को हटा कर कीमती जमीन पर नजरें गड़ा दी। शत्रोहन सोनकर ने कहा सिविल लाइन्स की जमीन पर स्थित जिन दुकानदारों को उजाड़ दिया गया है उनको पालिका की जमीन पर दुकानें आवंटित की जाएगी। शत्रोहन ने कहा कि मैं नगर की जनता से यह वादा करता हूँ कि जनता मुझे अवसर देगी तो कोई किसी गरीब की जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। विदित हो कि रायबरेली शहर के सिविल लाइन चौराहे के निकट की भूमि पर सैकड़ों दुकानें लगभग 4 दशक से व्यवसाय के लिए स्थापित थी। लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते उन सैकड़ों दुकानों को रातों-रात उजाड़ दिया गया। लगभग 250 दुकानों के मालिक व उनमें काम करने वाले कर्मचारियों व श्रमजीवी के परिवार के आगे रोजी रोटी का संकट गहरा गया। लंबे समय से उजाड़े गए दुकानदार संघर्ष कर रहे हैं। दुकानदारों की तरफसे बनी संघर्ष समिति न्यायालय तक से राहत पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रही है लेकिन कहीं पर भी अभी उन्हें राहत मिलती दिख नहीं रही थी। इसी बीच हो रहे नगर पालिका चुनाव के बीच एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है ।लोगों ने जाकर जमीन नेता व



प्रत्याशी सत्रोहन सोनकर से समस्या के समाधान के लिए अपना प्रस्ताव रखा जिस पर कांग्रेस प्रत्याशी सत्रोहन सोनकर ने सभी दुकानदारों को भरोसा दिलाया है कि अगर मैं नगर पालिका परिषद चेयरमैन का चुनाव जीतता हूं तो सबसे पहले नगर पालिका की जमीन पर दुकानों का निर्माण कराकर प्रत्येक दुकानदार जो सिविल लाइन से उजाड़े गए हैं उनको दुकान आवंटित किया जाएगा ।दुकानदारों को पुनः स्थापित कर रोजी-रोटी से जोड़ उन्हें मुख्यधारा में लाया जाएगा।

# मंदबुद्धि महिला की हरैया तहसील गेट के सामनेमार्ग दुर्घटना में मौत



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र के तहसील गेट के सामने नेशनल हाईवे पर प्रातः काल सूचना प्राप्त हुई की नेशनल हाईवे 28 पर कस्बा हरैया अंतर्गत तहसील के सामने बस्ती से अयोध्या जाने वाली लेन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षत-विक्षत अवस्था में सड़क पर पड़ा है इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर देखा गया तो दुर्घटनाग्रस्त डेड बॉडी किसी महिला का प्रतीत हो रहा है एवं बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका है एनएचआई की टीम बुलाकर यातायात डायवर्जन करा कर लाश को कब्जा पुलिस में लिया गया शव काफी क्षत-विक्षत है अतः काफी प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो पाई कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि एक पागल महिला जो कल यहां इधर-उधर घूम रही थी संभवत वही महिला है स इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही हैं स उपरोक्त घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 119 ध् 2023 धारा 279ध् 304 ए आईपीसी बनाम अज्ञात वाहन पंजीकृत कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है मृतका के शव से डीएनए परीक्षण हेतु नमूना सैंपल संरक्षित करने हेतु रिपोर्ट श्रीमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती महोदय को प्रेषित की जा रही है तथा मृतका के हथेली से फिंगरप्रिंट प्राप्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है ।

# विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय और स्नातक परीक्षाएं पारदर्शी और कुशलतापूर्वक हो रही है सम्पन्न

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद मुख्यालय स्थिति बी.एन. के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर अम्बेडकर नगर में 25 अप्रैल 2023 से संचालित विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय और स्नातक परीक्षाएं पारदर्शी और कुशलतापूर्वक सम्पन्न हो रही हैं। साथ ही नगर निकाय के चुनाव के कारण 4 और 11 मई को होने वाली परीक्षाएं क्रमशः 7 और 21 मई को होंगी। ज्ञात हो कि महाविद्यालय सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज का परीक्षा केंद्र है। महाविद्यालय की सम्पूर्ण परीक्षाएं सी. सी. टी. वी. और महाविद्यालय सचल दल की गहन निगरानी में सम्पन्न हो रही हैं। परीक्षाओं के कुशल सम्पदान के लिए महाविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रशासन भी सक्रिय है, जिसके लिए दोनों पालियों में नियमित सचल दल महाविद्यालय का दौरा कर रहा है।



सदल दल की रिपोर्ट के आधार पर कुलसचिव उमानाथ ने नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए महाविद्यालय प्रशासन की सराहना की है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शुचिता पांडेय ने कहा कि परीक्षाओं के शुचितापूर्ण और शांति से सम्पन्न कराने हेतु महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन कटिबद्ध है। प्रथम पाली में कुल 1010 और द्वितीय पाली में 447 छात्र-छात्राएं परीक्षा हेतु पंजीकृत हैं। परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्ष और 12 सहायक केंद्राध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में अध्यापकों की ड्यूटी लगी हुई है। परीक्षाओं के कुशल संचालन के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड, आंतरिक सचल दल और केन्द्राध्यक्ष समेत सभी लोगों द्वारा नियमित प्रवेश द्वार पर सघन जाँच,सी. सी. टी. वी. से निगरानी और पुनः किसी भी प्रकार की आशंका होने पर परीक्षा कक्ष में नियमित जाँच-पड़ताल महाविद्यालय कर रहा है।

# निर्माण निगम की लचर कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर जिलाधिकारी ने दिखाएं कड़े तेवर

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। अविनाश सिंह,जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर द्वारा अम्बेडकरनगर में कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम, इकाई अम्बेडकरनगर की ऐसी परियोजनाओं जो कि शासन की मंशा के अनुरूप जनोपयोगी नहीं हो पायी है कार्यदायी संस्था की लचर कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर कड़े तेवर अपनाते हुए किया औचक निरीक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर की जिलाधिकारी को लगातार यह सूचना मिल रही थी कि रू0 92.16 करोड़ की लागत से निर्मित इंजीनियरिंग कालेज में तत्कालीन अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की लापरवाहियां बरतते हुए डी0पी0आर0 से विचलन करते हुए कई कमियां बरती गयी हैं। मौके पर कार्यदायी संस्था द्वारा मानक से कम पेयजल हेतु टैंक की व्यवस्था किये जाने, प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत मानक से कम स्ट्रीट लाइट लगाये जाने, छात्रावास के अन्तः वासियों के 22 कमरों में आलमारी की व्यवस्था न किये जाने एवं इसके अतिरिक्त अन्य कई कार्यों को अधूरा छोड़ दिये जाने पर कार्यदायी संस्था की कार्यपद्धति से नाराजगी व्यक्त की गयी एवं जिलाधिकारी ने अभिलेखीय एवं स्थलीय सत्यापन के उपरान्त परियोजना प्रबन्धक राजमणि को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि नियत समय सीमा में अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर अपने मुख्यालय से अवशेष धन की मांग करें एवं परियोजना का हस्तातरण सम्पन्न करायेंआवासीय परिसर जिलाकारागार,अम्बेडकरनगर-जिलाधिकारी द्वारा यह पाया गया कि टाइप-2 के कई भवन आधे-अधूरे छोड़ दिये गये हैं जो कि जर्जर हो गये हैं। इसके अतिरिक्त अनावासीय परिसर में भी कार्यदायी संस्था द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है जिसके कारण परिसर में जल भराव होने एवं डी0पी0आर0 में 30 बेडेड क्वारंटीन कक्ष का निर्माण न कराये जाने की बात संज्ञानित किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था पर क्षोभ व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि यह सारी कमियां उनके विभागीय अधिकारियों एवं उनकी अव्यवस्थित एवं लापरवाह वर्कमैनशिप के कारण हुई हैं एवं वर्तमान सरकार की यह मंशा है कि परियोजना मानकानुसार निर्धारित समयान्तर्गत जनोपयोगी बने। परियोजना प्रबन्धक अपने



विभाग के उच्चाधिकारियों से बात करें एवं सुनिश्चित करायें कि अनावासीय एवं आवासीय भवन गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जायें एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित से निर्माण कार्य की पत्रावली प्राप्त कर तत्काल पूरे प्रकरण से प्रमुख सचिव, गृह को अवगत कराया जाये मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक हाजलपट्टी की स्थापना - निरीक्षण के समय मौके पर निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देखकर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर कार्यदायी संस्था की कार्यपद्धति एवं कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की गयी। परियोजना प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि यह कार्य मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत अति प्राथमिकता कार्यक्रम में शामिल है। इस कार्य का निर्माण कार्य अक्टूबर, 2022 में ही पूर्ण हो जाना था। मौके पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा बताये जाने पर कि न तो कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में अवमुक्त की गयी धनराशि का अब तक व्यय किया गया है

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के संबंध में बैठक

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के संबंध में बैठक आयोजित किया गया ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही- 107 ध् 116 ब्च्ब् व 145 ब्च्ब,गुण्डा एक्ट से सम्बन्धित कार्यवाही,जिला बदर से सम्बन्धित कार्यवाही,अन्य निरोधात्मक कार्यवाही,असलहा जमा कराने की स्थिति, प्रत्याशियों की सुरक्षा, मतदान पार्टी रवानगी स्थल का चयन, रवानगी स्थल पर सामग्री वितरण हेतु टेबलों की व्यवस्था, प्रत्येक टेबल पर कर्मचारियों की व्यवस्था, मतदान कार्मिकों के बैठने की व्यवस्था,मतदान कार्मिको के उपयोगार्थ हल्के ध् भारी वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था,मतदान पार्टी वापस लेने हेतु टेबलों की व्यवस्था, प्रत्येक टेबल पर कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रत्येक टेबल से सील्ड मत पेटिकाएं स्ट्रांग रूप में रखने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति,स्ट्रांग रूम में सील्ड मतपेटिकाओं को रखने हेतु ले-आउट तैयार किए जाने की स्थिति, व्यय अनुवीक्षण टीमें जैसे फ्लाइंग स्क्वायड एवं निगरानी टीमों के कार्यों की समीक्षा तथा मतगणना व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा असलहा जमा करने तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही




सुनिश्चित किया जाए ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि मतगणना की तैयारी मतगणना दिनांक से पहले करा लिया जाए जिससे किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। वहां पर बैठने की व्यवस्था, पीने के लिए पानी की व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना अध्यक्ष तथा संबंधित विभाग के अधिकारी ध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस पर गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

बस्ती । अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सोमवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा के संयोजन में कलेक्टेªट परिसर स्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि भारत का श्रमिक वर्ग इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। कहा कि श्रमिक अपने अधिकारों के लिये सचेत न हुये तो आने वाले दिनों में मुश्किलें और बढेंगी। इसके लिये एकजुटता से संघर्ष को आगे बढाना होगा ।परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने श्रमिकों के संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये एक मई का दिन इतिहास में मजदूर दिवस के तौर पर दर्ज है. दुनिया में मजदूर दिवस मनाने का चलन करीब 136 साल पुराना है, मजदूरों ने काम के घंटे तय करने की मांग को लेकर 1877 में आंदोलन शुरू किया, इस दौरान यह दुनिया के विभिन्न देशों में फैलने लगा। कहा कि यह चिन्ताजनक है कि लम्बे संघर्ष और बलिदान के बावजूद मजदूरों की स्थितियों में कोई रचनात्मक सुधार नहीं हो सका है। उन्होने कहा कि श्रमिकों को उनका हक मिले, उत्पीड़न बंद हो इसके लिये संघर्ष जारी रखना होगा। कहा कि संवादहीनता खतरनाक है। अच्छा हो कि कर्मचारियों, श्रमिकों से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराया जाय। जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि मजदूर दिवस पर 1 मई को केन्द्र सरकार अवकाश घोषित करें और कर्मचारियों को टेªड यूनियन का अधिकार दे। पुरानी पेंशन नीति को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाय यही अमर शहीद मजदूरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




गोष्ठी को पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, सिंचाई संघ अध्यक्ष सुभाष मिश्र, राजस्व संग्रह अमीन संघ अध्यक्ष उमेश वर्मा, ट्यूबेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन मंत्री सन्तोष राव, सेवा निवृत्त कर्मचारी कल्याण संस्था अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरेशी आदि ने सम्बोधित करते हुये मजदूर आन्दोलनों में प्राण गंवाने वाले श्रमिकों को श्रद्धांजलि दिया। कहा कि इस अंधेरे की सुबह होगी और उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परमात्मा प्रसाद, हरीराम पाल, लालचंद वर्मा, जानकी प्रसाद राव, जगन्नाथ मौर्य, गौरीशंकर, राम सूरत यादव, राजेश कुमार, मो. कलीम, शिवमंगल पाण्डेय, बलराम यादव, सुधाकर पाल, राजेश जायसवाल, राधेश्याम श्रीवास्तव, राजेश निषाद, मेंहदीहसन, मोहनलाल, हरि प्रसाद शर्मा, राम नरायन, ओम प्रकाश, दुर्बली प्रसाद, सत्यनरायन चौधरी, जसवन्त कुमार के साथ ही अनेक कर्मचारी नेता, राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK

# महापौर बसपा प्रत्याशी अर्चना निषाद ने शहर के विभिन्न बसपा कार्यालय का किया उद्घाटन

संवाददाता



कानपुर। कानपुर नगर निकाय चुनाव की घंटी बजते ही शहर के सभी पार्टी के प्रत्याशी जोर शोर से अपने अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार प्रसार करने के लिए जुट गए हैं इसी क्रम में बहुजन समाजवादी पार्टी की महापौर प्रत्याशी अर्चना निषाद ने शहर के कई बसपा कार्यालय का उद्घाटन किया सबसे पहले कल्याणपुर दक्षिण से बसपा पार्षद प्रत्याशी वार्ड 19 से सुधा कुरील के1.कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया इस दौरान भारी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया रितिक चंद्रा ने बताया कि हमारे कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सभी क्षेत्र वासियों का धन्यवाद करता हूं और कार्यकर्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और लोगों से कहना चाहूंगा कि अपना अमूल्य आशीर्वाद देकर सुधा कुरील को भारी मतों से नगर निगम पहुंचाने का कार्य करें इस दौरान मोनू ठाकुर सागर ठाकुर विनोद यादव पुतू सर्वेश गौतम शिवम यादव लालू ठाकुर सहित आदि लोग उपस्थित रहे 2. कृष्णा नगर वार्ड 24 से बसपा प्रत्याशी किरन लता गौतम के कार्यालय का फीता काटकर अर्चना निषाद ने उद्घाटन किया प्रत्याशी किरन लता गौतम ने बताया कि क्षेत्र की गंभीर समस्याओं से निजात दिलाने की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी सीवर जल प्रकाश नाली सड़क आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराना प्राथमिकता में शामिल है लोग अपना अमूल्य वोट देकर नगर निगम पहुंचाने का कार्य करें इस दौरान आरती उमा मधु सुमन अनिल कुमार विजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे 3. बसपा पार्षद प्रत्याशी वार्ड 26 कार्यालय का उद्घाटन अर्चना निषाद ने फीता काटकर किया इस दौरान वीरेंद्र कुमार गौतम ने डॉ भीमराव अंबेडकर कांशीराम की चित्र पर माल्यार्पण किया उन्होंने बताया कि शहर का विकास चाहिए तो बसपा को हाथों को मजबूत करें और मेयर और पार्षद को नगर निगम की चाबी सौंपने का जनता काम करें शहर की गंभीर समस्याओं को निजात दिलाने का काम नियर करेंगे और आपके क्षेत्र के विकास के लिए अपना अमूल्य वोट देकर नगर निगम पहुंचाए जनता और अपने सेवक से दिन रात काम कराएं इस दौरान मुख्य रूप से अशोक पटेल इंदल सिंह ज्वाला प्रसाद पप्पू पटेल अमित टेलर कमलेश वर्मा सुरेश चौहान राजवर्धन मन्नू सिंह राजेश सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिभा अलंकरण में 39 छात्र-छात्राएं सम्मानित

## इंटरमीडिएट के 21 एवं हाई स्कूल के 18 छात्र-छात्राएं शामिल रहे

संवाददाता



प्रयागराज। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में 90: से ऊपर अंक लाने एवं जनपद में स्थान बनाने वाले कुल 39 छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर विशिष्ट प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया गया। उनके माता पिता को भी अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती जी की वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने आज के कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान करने के पश्चात आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण प्रधान कर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में वी.एन. सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, पर्यावरण प्रमुख भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रांत तथा अध्यक्षता मुनीश जी प्रांत प्रचारक काशी प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री डॉक्टर राम मनोहर उपस्थित थे।मुख्य अतिथि वी.एन. सिंह ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा जो भैया बहन स्थान नहीं बना पाए उनके लिए यह भैया बहन प्रेरणा के स्रोत हैं आप सभी लगन के साथ पढ़ाई करेंगे तो इसी तरह आप भी आगे बढ़ते रहेंगे।अध्यक्षता कर रहे प्रांत प्रचारक मुनीश जी ने भैया बहनों से कहा कि हमको केवल एक लक्ष्य बनाकर चलना है हमारा केवल एक काम है पढ़ाई करना। विद्यालय के मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में इंटरमीडिएट के 21 एवं हाई स्कूल के 18 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इंटरमीडिएट में कोमल श्रीवास्तव, प्रिया मिश्रा, आदित्य झा, सानिया जावेद, हर्षिता सिंह, ईशान पांडे, कात्यायनी शुक्ला, ज्योति, प्रांशी पांडे, तनुप्रिया, सानू यादव, विकास जायसवाल, बॉबी मिश्रा, वेद प्रकाश, ऋषभ पांडे, आलोक विश्वकर्मा, आशीष सिंह, सौरभ सिंह, ज्योति गौड़, पलक एवं आलेख कुमार तथा हाई स्कूल में साक्षी मौर्या, प्रमा द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह, श्रेया दुबे, मीनाक्षी मिश्रा, सीमा सरोज, सौरभ यादव, उत्कर्षधर दुबे, पूर्ति निगम, पल्लवी पांडे, वैष्णवी मिश्रा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, मुस्कान श्रीवास्तव, विश्वजीत, अंबुज कुमार यादव, कार्तिकेय केसरवानी, विवेक राय एवं स्नेहा यादव सहित कुल 39 छात्र छात्राओं को विशिष्ट प्रतिभा अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

# माहवारी स्वच्छता निहायत जरूरी, समाज में इस मुद्दे पर खुलकर बात करने की जरूरत : पूनम परिहार

संवाददाता




हापुड़। हापुड़ तहसील के गढ़मुक्तेश्वर में स्वयं सेवी संस्था सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसायटी (संदेश) द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज ब्रजघाट में महावारी स्वच्छता प्रबन्धन विषय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्राची कौशिक ने महावारी के समय पर होने वाली प्रक्रिया के बारे में सभी भ्रंतियों को दूर किया।डॉ मधु गुप्ता ने बताया कि महावारी के समय मे महिलाओं व नवयुवतियों को ज्यादा सजग रहना चाहिए।इस दौरान साफसफाई ज्यादा जरूरी है। महीने के पाँच दिनों में लापरवाही के कारण बहुत सी बीमारियों के होने की संभावना ज्यादा प्रबल रहती हैं। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संदेश संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि संस्था द्वारा महावारी स्वच्छता प्रबन्धन परियोजना के अंतर्गत महीने के वो पाँच दिन कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिले के सभी इण्टर कॉलेजों में से एक एक शिक्षिका को प्रशिक्षित करके सभी इण्टर कॉलेजों की छात्राओं को एक साथ जागरूक किया जायेगा।तथा कार्यक्रम में सहयोग करने वाली सभी शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य नीतू सिंह का योगदान रहा।इस अवसर पर संस्था के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, शिवचेत तोमर,शिवसिंह रावत, स्नेहजा, रेखा,मिशिका, व विभिन्न विद्यालयों की शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# श्रमिक दिवस पर उनके योगदान को बताया

संवाददाता



प्रयागराज। महर्षि पतंजलि विद्या मन्दिर में श्रमिक दिवस अत्यन्त उत्साहपूर्ण ढंग से मनाया गया। श्रमिकों के सम्मान,उनकी एकता और उनके अधिकारों के समर्थन में यह दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें विशेषाधिकारों के लिए आभारी होना सिखाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की कक्षा 10-स की छात्रा अनन्या मिश्रा ने किया। उसने श्रमिकों के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 9-अ के छात्र आदित्य कुमार ने स्वरचित कविता सुनाई जो श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण पर आधारित थी। कार्यक्रम के मध्य में क्वायर ग्रुप द्वारा अत्यन्त भावपूर्ण गीत का प्रस्तुतिकरण किया गया जो अत्यन्त सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की सेकेण्डरी विभाग की इन्चार्ज मृगनयनी आर्या ने श्रमिकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि श्रमिक दैनिक जीवन में हमारे कार्य को पूर्ण सेवा भाव के साथ सम्पन्न करते हैं तथा वह सभी हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना डे ने कहा कि श्रमिक दिवस हमें यह एहसास दिलाने के लिए महत्वपूर्ण है कि हमारे पास जो कुछ है उसे पाकर हम अत्यन्त भाग्यशाली है। उन्होंने बच्चों को श्रमिक दिवस मनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि श्रम के महत्व को समझते हुए वह श्रमिकों का सम्मान करें क्योंकि श्रम के अभाव में कोई भी कार्य सम्पूर्ण रूप से सम्पन्न नही हो सकता है।

# मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ



संवाददाता

कानपुर। कल्याणपुर स्थित इंद्रा नगर रोड पर मैक्स हेल्थ केयर का शुभारंभ भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने फीता काटकर इस मौके पर ज्ञानेंद्र कुमार सूरज मिश्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्प देकर उनका स्वागत किया इस दौरान उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्मित प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं भेंट की कार्यक्रम के दौरान एमडी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि आज हमारे हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है इस मौके पर लोगों से कहना चाहूंगा कि हमारे यहां सभी प्रकार के गंभीर असाध्य रोगों का इलाज बहुत ही उचित कम खर्चों में किया जाता है हमारे यहां कुशल डॉक्टरों की देखरेख में सभी प्रकार के इलाज किए जाते हैं सभी प्रकार की जांचें अल्ट्रासाउंड आदि की व्यवस्था हमारे यहां उपलब्ध है आयुष्मान और सरकार द्वारा अधिकृत प्रतिष्ठान के लोगों का इलाज किया जाता है गरीब और असहाय लोगों के लिए विशेष छूट हमारे यहां उपलब्ध है इस दौरान सूरज मिश्रा परवेज खान राजा खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनमोहन कृष्णा की बर्खास्तगी को लेकर सौंपा ज्ञापन



संवाददाता, प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा के खिलाफछेड़खानी जैसे गंभीर मामले पर न्यायालय के द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र जारी हो चुका है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने कुलसचिव प्रो.नरेंद्र कुमार शुक्ला को ज्ञापन देकर मनमोहन कृष्णा को तत्काल प्रभाव से कुलपति के सलाहकार पद से बर्खास्त करने व विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग की। छात्र नेता सत्यम ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है और ऐसे विश्वविद्यालय में मनमोहन कृष्णा जैसे छेड़खानी के आरोपी को कुलपति का सलाहकार बनाना विश्वविद्यालय की गरिमा के विपरीत है।विश्वविद्यालय परिसर में हजारों छात्राएं पढ़ती है उनकी सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह है ऐसे में दुराचारी प्रोफेसर को तत्काल पद बर्खास्त किया जाना चाहिए और साथ ही कैंपस में प्रवेश पर रोक लगाना चाहिए। ज्ञापन सौपते समय सौरभ सिंह,आशुतोष पाल,अनुज मौर्य, प्रफुल्ल,आयुष,भागवत, विवेक शुक्ला,घनश्याम, अनुराग सोनकर सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# किसी मलिन बस्ती से कम नही गोविन्द नगर दक्षिण

## इच्छाशक्ति के अभाव में समस्याओं ने लिया विकराल रूप

संवाददाता



कानपुर। गोबिन्द नगर क्षेत्र दो वार्डो दक्षिण व उत्तर में बंटा है। परन्तु दोनो वार्डो मे नगरीय सुख-सुविधाओं का बहुत बडा अन्तर है। जँहा वार्ड गोबिन्द नगर उत्तरी मे सीवरजाम, पानी एवं गंदगी जैसी आम नागरिकों से जुड़ी समस्याएं न के बराबर हैं। तो वहीं दक्षिण में समस्याओं का अंबार लगा है। इन्हीं समस्याओं को जनता के समक्ष रखकर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी रेनू सब्बरवाल जनता से भाजपा के पक्ष मे वोट की अपील कर रही है। सोमवार को सुबह ब्लाक नं 5 एवं 6 मे तो शाम को ब्लाक 13 मे भाजपा प्रत्याशी रेनू सब्बरवाल के समर्थन मे भाजपाईयो ने घर-घर कुंडी खटखटाकर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। लोगों ने भाजपाईयो को समस्याएं गिनाना शुरू की तो भाजपाईयो ने इस मर्तबा सोच - समझकर मतदान करने की अपील की ताकि समस्याओं का कामचलाऊ हल नही बल्कि स्थाई निस्तारण हो सके।भाजपाईयो ने कहा कि पिछले बीस बरस से इस वार्ड में कांग्रेस काबिज है। परन्तु इच्छाशक्ति के अभाव में यँहा समस्याएं कम होने की बजाए पहाड़ का रूप ले चुकी है। पाश इलाका होने के बावजूद गोबिन्द नगर दक्षिण का यह इलाका किसी मलिन बस्ती से कम नही है।भाजपाईयो ने इस नरक से निजात के लिए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतो से जिताने की अपील की । जनसंपर्क में प्रमुख रूप से सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, अनिल त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव ,हरीशंकर सिंह,शम्मी भल्ला, शीलू शुक्ला, राजेश बाजपेई एडवोकेट, धर्मेंद्र राय, अरूण कुमार बाजपेयी, संजय अरोड़ा आदि रहे।

# 210 लीटर अवैध शराब के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार



संवाददाता, मौरावां, उन्नाव। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रात: राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफथाना मौरावां के साथ तहसील पुरवा के अंतर्गत संदिग्ध ग्राम लाला खेड़ा, रामदास खेड़ा,अकोहरी में मुखबिर ख़ास की सूचना पर एक बारगी दबिश देते हुए 210 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ 3 अभियुक्ताओ को शराब व 1 भट्ठी मय उपकरणो सहित गिरफ्तार किया गया व लगभग 800 किलो महुआ लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त, सरोज पत्नी सोहन, निवासी लाला खेड़ा, लल्ली पत्नी सागर, निवासी लाला खेड़ा, किशोरी पत्नी मुन्ना,निवासी लाला खेड़ा को गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां, जनपद उन्नाव में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# वार्ड नंबर 6 व 13 से चुनाव लड़ रहे बसपा सभासद उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालय हुआ उद्घाटन

संवाददाता



हापुड़। हापुड़ नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 से चुनाव लड़ रहे बसपा से सभासद उम्मीदवार कैलाश कुमार के गणेशपुरा में स्थित चुनाव कार्यालय व वार्ड नंबर 13 से चुनाव लड़ रहे बसपा से सभासद उम्मीदवार प्रदीप कुमार जाटव के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी निकट फ्लाईओवर के पास चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मेरठ मंडल प्रभारी तिलक चौधरी, जिला अध्यक्ष डॉ एके कर्दम व बसपा से चेयरमैन पद का चुनाव लड़ रही पुष्पा देवी के पति श्रीपाल ठेकेदार ने फीता काटकर किया। उसके उपरांत सर्वप्रथम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए व जिला अध्यक्ष डॉ एके कर्दम ने सभासद उम्मीदवार को ज्यादा से ज्यादा वोट देने की अपील की। वहीं बसपा चेयरमैन प्रत्याशी के पति श्रीपाल ठेकेदार ने कहा कि 11 मई को होने वाले चुनाव में बसपा को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर पुष्पा देवी व सभासदगण उम्मीदवारों को जीत दिलाने का कार्य करें जिससे भाजपा कार्यकाल में पड़े आधे अधूरे कार्य को पूरा कर शहर व वार्डों के विकास कर सकें हमें सर्व समाज के लोगों को समर्थन व आशीर्वाद रहा है जनता हमे अपना प्रतिनिधि चुनती हैं तो हम जनता को विश्वास दिलाते हैं सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का जनता को लाभ दिलाते हुए पानी,बिजली की समस्या का समाधान कर टूटी फूटी नालियों के साथ टूटी सड़कों का नव निर्माण कराकर चुहुंमुखी विकास कराएंगे।

# शाइस्ता की मददगार लेडी डान मुंडी पासी की तस्वीर पुलिस के हाथ लगी

## बमबाज गुड्डू मुस्लिम की बहन बोली-एनकाउंटर हुआ...तो अफसोस नहीं होगा

संवाददाता



प्रयागराज। उमेश पाल हत्या कांड के बाद लगातार फरार चल रही इनामियाँ शाइस्ता परवीन की मददगार मुंडी पासी की पहली बार फोटो सामने आई है। धूमनगंज थाने की हिस्ट्रीशीटर मुंडी पासी की अभी तक कोई तस्वीर पुलिस के पास नहीं थी। अब तस्वीर सामने आने के बाद 50 हजार की इनामी मुंडी पासी को पुलिस गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

स्पेशल टास्क फोर्स के अनुसार बसपा से महापौर पद की उम्मीदवार घोषित होने के बाद शाइस्ता परवीन के साथ ये महिला कई बार देखी जा चुकी है। मुंडी पासी के खिलाफ कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। माना जा रहा है कि शाइस्ता के फरार होने के बाद मुंडी उसको लगातार मदद पहुंचा रही है।

**गुड्डू मुस्लिम की बहन नसबीन बानो ने कहा**

गुड्डू मुस्लिम की बहन नसबीन बानो का मत है कि वो कभी गुड्डू से नहीं मिलीं।आगे कहा कि गुड्डू 13 साल की उम्र में ही घर छोड़ दिया था। फिर कभी वापस नहीं आया। बस हमें इतना ही पता है कि गुड्डू मुस्लिम बदमाशी करता था। वो कहां रहा और क्या करता रहा हमें इसके बारे में ज्यादा नहीं पता। मेरे मां-बाप ने उसे कबका घर और जायदाद से बेदखल कर दिया है।

**गुड्डू ने अवतार सिंह से मंगाए थे 10 विदेशी असलहे**

24 मार्च को उमेश पाल की हत्या के लिए बमबाज गुड्डू मुस्लिम ने दिल्ली से हथियार मंगाए थे। दिल्ली पुलिस ने एक हथियार तस्कर की गिरफ्तारी के बाद इसका खुलासा किया है। इसको लेकर गुड्डू के शिवकुटी स्थित घर पर नोटिस चस्पा किया है। अब दिल्ली पुलिस को भी गुड्डू की तलाश है। बता दें कि , दिल्ली पुलिस ने 28 मार्च को अवतार सिंह नाम के असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया। अवतार सिंह असलहा की सप्लाई अन्य् राज्यो में करता है। उसने पूछताछ में बताया कि उसने उमेश की हत्या से कुछ दिन पहले खालिद-जीशान नाम के जरिए गुड्?डू मुस्लिम को 10 विदेशी असलहों की सप्लाई की थी। खालिद और जीशान असलहा तस्कर के संपर्क में पहले से थे।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जीशान और खालिद को 28 मार्च को शेख सराय, दिल्ली इलाके से गिरफ्तार किया था। इसके बाद दोनों के पास से दो पिस्टल और मैगजीन बरामद की गई थी। दोनों की निशानदेही पर 31 मार्च को दिल्ली से ही जावेद नाम के एक अपराधी को पकड़ा गया था।

CMYK

# शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों को देशों की संप्रभुता का सज़्मान करना चाहिए : गडकरी




एजेंसी, नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रत्येक देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हुए मांग-आधारित, सतत विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने एससीओ के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जनसंपर्क को बढावा देने के लिए एससीओ पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे से संपर्क अपने आप में ही आर्थिक गुणक है यानी इसका अर्थव्यवसथा पर व्यापक प्रभाव पडता है। एससीओ देशों के साथ संपर्क हमारी प्राथमिकता है। हमें हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए सहयोग और मांग आधारित विकास सुनिश्चित करना चाहिए। गडकरी ने कहा कि भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और भरोसेमंद बनाने के लिए समाधानों को बढावा देने को लेकर प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा, ''भारत, एससीओ सदस्यों की पहल की सराहना करता है। एससीओ का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना और राजनीतिक व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढाना है।'' उन्होंने कहा, ''हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि भारत इस क्षेत्र में संपर्क में सुधार के लिए सहयोग करने को तैयार है। गडकरी ने ट्विटर पर लिखा है कि सभी सदस्य देश डिजिटल परिवर्तन और नवीन प्रौद्योगिकियों को बढावा देने, परिवहन को कार्बन मुक्त करने और दक्षता तथा स्थिरता बढाने के लिए एससीओ सदस्य राष्ट्रों के साथ मिलकर काम करने के विचार से सहमत हैं। रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने 2001 में शंघाई में एक सम्मेलन में एससीओ की स्थापना की। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। वहीं वर्तमान में भारत, एससीओ का अध्यक्ष है।

# चीन से मेडिकल डिवाइस आयात 152 प्रतिशत तक बढा





एजेंसी, नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले नौ महीनों में भारत से चिकित्सा उपकरणों (मेडिकल डिवाइस) का निर्यात 17 प्रतिशत बढा है। इसी अवधि के दौरान इन उपकरणों के आयात में लगभग 8 प्रतिशत की कमी आई है। भारतीय चिकित्सा उपकरण उद्योग संघ (एआईएमईडी) के नवीनतम आंकडों में ये तथ्य सामने आए हैं। हालांकि, चीन से 30 चिकित्सा उपकरणों का आयात 25 से 152 प्रतिशत तक बढा है। संघ ने मार्च में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस बारे में पत्र लिखा था। एआईएमईडी चिकित्सा उपकरण विनिर्माताओं का संगठन है। वित्त वर्ष 2022 में चीन से आयात सालाना आधार पर 48 प्रतिशत बढकर 12,979 करोड रुपए रहा है। भारत चीन से मुख्य रूप से उपभोग्य (कंज्यूमबल्स), टेस्टिंग किट आदि का आयात करता है। आंकडों के अनुसार देश से चिकित्सा उपकरणों का निर्यात भी बढा है। वित्त वर्ष 2023 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान चिकित्सा उपकरणों का निर्यात बढकर 20,511 करोड रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में 17,557 करोड रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2022 के दौरान निर्यात भी 21 प्रतिशत बढकर 19,803 करोड रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2022 में आयात भी 41 प्रतिशत बढकर 63,000 करोड रुपए हो गया। बुधवार को सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 की घोषणा की थी। इस नीति का लक्ष्य स्थानीय स्तर पर विनिर्माण एवं शोध को बढावा देना, आयात पर निर्भरता कम करना और इस क्षेत्र के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। हिंदुस्तान सिरिंजेज ऐंड मेडिकल डिवाइसेस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजीव नाथ ने कहा कि इसी नीति की वजह से ही भारत दुनिया में चिकित्सा उपकरणों का निर्यात करने वाला सबसे बडा आपूर्तिकर्ता बन पाया है। जून 2014 में प्रारंभिक मसौदा नीति आने के बाद इस नीति की लंबे समय से प्रतीक्षा हो रही थी। हिंदुस्तान सिरिंजेज ऐंड मेडिकल डिवाइसेज दुनिया में सिरिंज बनाने वाली सबसे बडी कंपनी है। नाथ एआईएमईडी के मंच समन्वयक भी हैं। उन्होंने कहा, 'उम्मीद की जानी चाहिए कि इस नीति में निहित प्रावधानों से कारोबारी एवं आयातक चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में निवेश शुरू करना एवं संयंत्र लगाना शुरू कर देंगे। इससे इन उपकरणों के लिए आयात पर देश की निर्भरता 70-80 प्रतिशत तक कम हो जाएगी और आयात पर होने वाला खर्च भी घटाने में आसानी होगी।' इस क्षेत्र के सूत्रों का मानना है कि नई नीति से निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। क्षय रोग (टीबी) की जांच के लिए किट बनाने वाली कंपनी ईएमपीई डायग्नॉस्टिक्स के वैश्विक मुख्य कार्याधिकारी राघवेंद्र गौड वग्गु ने कहा कि नई चिकित्सा उपकरण नीति से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं मशीन लर्निंग के साथ आधुनिक तकनीक लाने में मदद मिलेगी।

# यूपी सरकार ने की 90 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद



संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसानों को राहत देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक में गेहूं की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की और इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने कहा कि प्रदेश में 2 हजार 978 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 19 हजार 209 किसानों से अब तक 89972.77 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीद के माध्यम से लगभग 129.04 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। पिछले साल प्रदेश में 2890 क्रय केंद्रों पर 19694 किसानों से 83485.47 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी। उन्होंने गेहूं खरीद की व्यवस्था पर कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाये। किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाई जाये। पंचायती राज्य विभाग के जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित कर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों का सहयोग प्राप्त कर गेहूं खरीद करायी जाये। जिलाधिकारी अपने स्तर से संचालित क्रय केन्द्रों की समीक्षा कर, जहां गेहूं की आवक नहीं हो रही है, उन क्रय केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ गेहूं की अच्छी आवक है, वहां संचालित कराया जाये। मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लायी जाये तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद पर प्रदेश सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी विशेष ध्यान है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने बीते 24 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाए। आरएमएस के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से एफ.ए.क्यू. गेहूं खरीद पर अन्य समितियों की भांति उन्हें नियमानुसार 27 रुपये प्रति कुंतल कमीशन देय होगा।

## हिंदुस्तान यूनिलीवर का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 12.74 प्रतिशत बढकर 2,601 करोड रुपये पर

एजेंसी, नयी दिल्ली । रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2023 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 12.74 प्रतिशत बढकर 2,601 करोड रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,307 करोड रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी बिक्री आय 10.83 प्रतिशत बढकर 14,926 करोड रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,468 करोड रुपये थी। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में हिंदुस्तान यूनिलीवर का कुल खर्च बढकर 11,961 करोड रुपये पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,782 करोड रुपये था। मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय 15,375 करोड रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में हिंदुस्तान यूनिलीवर की परिचालन आय 15.49 प्रतिशत बढकर 59,443 करोड रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में 51,472 करोड रुपये थी। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता ने कहा, ''भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चुनौतीपूर्ण माहौल, जिंसों की ऊंची महंगाई और बाजारों में सुस्ती के बीच हमने एक और साल मजबूत और जुझारू प्रदर्शन किया है।''

## विनिर्माण क्षमता बढाने के लिए 200 करोड रुपये का निवेश करेगी फिनोलेक्स केबल्स

एजेंसी, मुंबई । देश की प्रमुख इलेक्ट्रिक और दूरसंचार केबल कंपनी फिनोलेक्स केबल्स ने चालू वित्त वर्ष यानी 2023-24 में अपनी विनिर्माण क्षमता बढाने के लिए 200 करोड रुपये के निवेश की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह पुणे के पास अपने उर्स संयंत्र की विनिर्माण क्षमता को बढाने के लिए अगले कुछ माह में 200 करोड रुपये का निवेश करेगी। यह कारखाना- सौर ऊर्जा, मोटर वाहन और ऑप्टिकल फाइबर क्षेत्रों में कार्य करता है। इलेक्ट्रिकल और दूरसंचार केबल के अलावा कंपनी लाइटिंग उत्पाद, इलेक्ट्रिकल वायरिंग एक्सेसरीज, स्विचगियर, पंखे और वॉटर हीटर का भी विनिर्माण करती है।

## बीते वित्त वर्ष में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश 25 प्रतिशत बढकर 1.56 लाख करोड रुपये पर

एजेंसी, नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड उद्योग में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश वित्त वर्ष 2022-23 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.56 लाख करोड रुपये हो गया। इससे पता चलता है कि बाजार में उतार-चढाव के बावजूद एसआईपी पर खुदरा निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकडों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में एसआईपी के माध्यम से 1.24 लाख करोड रुपये जबकि 2020-21 में 96,080 करोड रुपये जुटाए गए। म्यूचुअल फंड में एसआईपी के माध्यम से संग्रह पिछले सात वर्ष में तीन गुना हो गया है। वित्त वर्ष 2016-17 में यह 43,921 करोड रुपये था। इसके साथ ही मासिक आधार पर एसआईपी में प्रवाह मार्च, 2022 के 12,328 करोड रुपये से मार्च, 2023 में 14,276 करोड रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी को खपत से ज्यादा पानी के संरक्षण के लिए मिला प्रमाणपत्र

एजेंसी, नयी दिल्ली। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने कहा कि उसे खपत से ज्यादा पानी बचाने यानी संरक्षण के प्रयासों के लिए एक वैश्विक संस्था से प्रमाणपत्र मिला है। कंपनी ने बयान में कहा कि एक स्वतंत्र वैश्विक एश्योरेंस एजेंसी डीएनवी ने एजीईएल को 'वॉटर पॉजिटिव' के तौर पर सत्यापित किया है। कंपनी ने कहा, ''यह सत्यापन दर्शाता है कि एजीईएल का जल संरक्षण उसकी खपत से कहीं अधिक है।'' डीएनवी ने एजीईएल को यह प्रमाणपत्र देने के पहले तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात एवं आंध्र प्रदेश स्थित 200 मेगावॉट से अधिक क्षमता वाली परिचालन इकाइयों में जल संतुलन सूचकांक का आकलन किया। इस आकलन के मुताबिक, कंपनी का जल संतुलन सूचकांक 1.12 है जो कि वित्त वर्ष 2024-25 तक शुद्ध जल निरपेक्ष होने के लक्ष्य से भी अधिक है।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी टाइड का अगले साल दिसंबर तक 10 लाख एसएमई जोडने का लक्ष्य

एजेंसी, नयी दिल्ली। लंदन के वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच टाइड की भारत में अगले वर्ष दिसंबर तक 10 लाख लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को जोडने की योजना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन में एसएमई-केंद्रित प्रमुख वित्तीय मंच टाइड ने दिसंबर, 2022 में भारत में प्रवेश के बाद 50,000 एसएमई जोडे थे। भारत में मंच की शीघ्र स्वीकार्यता और बाजार क्षमता को देखते हुए टाइड को विश्वास है कि दिसंबर, 2024 तक 10 लाख एसएमई मंच से जुड जाएंगे और उसके डिजिटल कारोबार बैंकिंग का लाभ उठाएंगे। बयान के अनुसार, इसी साल मार्च में गूगल प्ले स्टोर पर टाइड के 2.25 लाख ऐप डाउनलोड किए जा चुके थे।

## वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में वित्त पोषण 11 प्रतिशत बढा : मेरकॉम रिपोर्ट

एजेंसी, नयी दिल्ली। वैश्विक सौर क्षेत्र में कॉरपोरेट वित्त पोषण इस साल की पहली तिमाही जनवरी-मार्च में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ्कर 8.4 अरब डॉलर रहा। मेरकॉम कैपिटल की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा परामर्श कंपनी मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राज प्रभु ने कहा, ''चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद पहली तिमाही में सौर क्षेत्र में निवेश बढा...दुनिया भर में खासकर यूरोप और अमेरिका में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को लेकर अच्छी मांग से बुनियाद मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 की पहली तिमाही में सौर क्षेत्र में कुल कॉरपोरेट वित्त पोषण 8.4 अरब डॉलर रहा। यह वर्ष 2022 पहली तिमाही के 7.5 अरब डॉलर के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है।

## एमजी मोटर ने कॉमेट ईवी मॉडल पेश किया, कीमत 7.98 लाख रुपये से शुरू

एजेंसी, नयी दिल्ली। वाहन कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने अपना नया मॉडल 'कॉमेट' पेश किया है। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 7.98 लाख रुपये है। कंपनी का दावा है कि यह देश का सबसे किफायती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) है। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने बयान में कहा, ''कॉमेट ईवी सिर्फ एक कार नहीं उससे कहीं अधिक है। यह शहरों में आवाजाही के तरीके को बदलने के हमारे दृढ संकल्प को आगे बढाती है।'' उन्होंने कहा कि कॉमेट ईवी को शुद्ध इलेक्ट्रिक जीएसईवी मंच पर तैयार किया गया है।

# भारतीय-अमेरिकी समुदाय छोटा, पर अमेरिका की विदेश नीति को बदलने की क्षमता रखता है : चटर्जी



एजेंसी, वाशिंगटन। वर्ष 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय-अमेरिकी स्वदेश चटर्जी ने कहा है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय जनसंख्या के लिहाज से भले ही छोटा हो, लेकिन उसमें अमेरिका की विदेश नीति में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है। उत्तर कैरोलाइना निवासी चटर्जी ने भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में कुछ अहम पडावों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटवाना और अमेरिकी संसद में नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच हुए असैन्य परमाणु समझौते को मंजूरी दिलाना शामिल है। उन्होंने बुधवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंध अभी सिर्फ सतही स्तर पर हैं और स्वच्छ ऊर्जा, वैश्विक स्वास्थ्य एवं नवाचार सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए एक-दूसरे का सहयोग करने की अपार संभावनाएं हैं। चटर्जी ने कहा, आज यह भारतीय-अमेरिकी समुदाय है, हालांकि, यह छोटा है, लेकिन यह राजनीतिक रूप से इतना शक्तिशाली है कि वास्तव में अमेरिका की विदेश नीति, और यहां तक कि भारत के संबंध में उसकी नीति को बदलने की क्षमता रखता है। यह भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बढते दबदबे का सूचक है और आप सभी को इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा,हमें बहुत मेहनत करनी चाहिए। काम अभी शुरू हुआ है। भारत और हमारे बीच गलतफहमियां होंगी, चुनौतियां होंगी। जैसा कि आप अच्छी तरह से जानते हैं कि जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का समर्थन नहीं किया। बहुत सारे लोगों को यह रुख नागवार गुजरा लेकिन, भारत और अमेरिका के संबंध हमेशा 'ऑटो पायलट मोड' पर नहीं हो सकते। उनके समक्ष चुनौतियां आना लाजिमी है।

# रूस से संबंधों को लेकर भारत के साथ रणनीतिक संयम बरते अमेरिका जिम मैटिस

एजेंसी, वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने कहा है कि अमेरिका को रूस से संबंधों को लेकर भारत के साथ रणनीतिक संयम दिखाने की आवश्यकता है। मैटिस ने साथ ही कहा कि भारत यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध बहुत काफी मजबूत हुए हैं। मैटिस ने बुधवार को कहा, ''हमें कुछ संयम दिखाने की जरूरत है। वे (भारतीय) सही दिशा में आगे बढ रहे हैं।'' मैटिस ने बुधवार को 'कांग्रेशनल इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष रो खन्ना द्वारा आयोजित भारत-अमेरिका शिखर सम्मेलन में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखी है और भारत सरकार यूक्रेन पर रूसी हमले का समर्थन नहीं करती।मैटिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे लेकर बहुत स्पष्ट रहे हैं।उन्होंने कहा, ''भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते रहना होगा।'' मैटिस ने कहा कि भारत का रूस के निकट होना इस समय अमेरिका के लिए बुरा नहीं है। उन्होंने कहा, ''भारत जो आखिरी चीज करना चाहता है...वह रूस और चीन को एक साथ लाना है।'' चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के अपने सहयोगी देशों के विपरीत भारत ने यूक्रेन पर रूस के हमले की अभी तक निंदा नहीं की है और वह रूसी आक्रमण को लेकर संयुक्त राष्ट्र मंचों पर मतदान से दूर रहा है। भारत यूक्रेन में हिंसा पर तत्काल रोक लगाने और कूटनीति एवं वार्ता के जरिए संकट का समाधान करने पर जोर देता रहा है। मैटिस ने कहा कि भारत रूसी प्रभाव क्षेत्र से बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत को भाषण देने का समय नहीं है, बल्कि यह उसके साथ काम करने का अवसर है, जिसका पडोस जटिल है। उन्होंने कहा कि एक ओर उसका एक कट्टरपंथी और परमाणु हथियार रखने वाला पडोसी देश पाकिस्तान है और दूसरी ओर, उसका एक पडोसी चीन है जो उसे डराने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को जारी रखने और उनके आवागमन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की मांग की।

# दलाई लामा की आड में चीन ने भारत और वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन को बनाया निशाना



एजेंसी, बीजिंग। तिब्बती बौद्धों के सर्वोच्च धर्मगुरु 14वें दलाई लामा 'तेनजिन ग्यात्सो' की एक वीडियो क्लिप वायरल हो रही है। वायरल वीडियो क्लिप में दलाई लामा को एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर एक नाबालिग बच्चे के होंठों को चूमते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद उन पर यौन शोषण का आरोप लगा और मीडिया एवं सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ एक सुनियोजित साजिश के तहत कैंपेन चलाया गया जिसमें दलाईलामा के साथ नयी दिल्ली में हुए वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन को भी निशाना बनाया गया।

डी.एफ.आर.ए.सी. ने अपनी इस रिपोर्ट में चीन के इस पूरे षड्यंत्र का सच सामने लाने की कोशिश की है। वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद हालांकि इस घटना के बारे में बच्चे का भी बयान वायरल हुआ है, जिसमें बच्चे को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उससे दलाई लामा के साथ मिलने पर एक सकारात्मक अनुभूति हुई। उसके साथ कुछ भी गलत नहीं हुआ। बच्चे के परिजनों ने भी बच्चे के साथ कुछ भी गलत होने के दावे को नकारा है, लेकिन बच्चे के इस बयान को कोई महत्व नहीं दिया गया। चीन सहित पश्चिमी मीडिया हाऊस ने इस बयान को न तो प्रसारित किया और न ही प्रकाशित। वहीं दलाई लामा ने भी बयान जारी कर इस घटना के संबंध में माफी मांगी। इस मामले में धर्मगुरु अपने बयान से हुई हानि को लेकर बच्चे और उसके परिवार के साथ दुनिया भर में उसके सभी दोस्तों से माफी मांगना चाहते हैं। दलाई लामा कई बार सार्वजनिक तौर पर, कैमरे के सामने मिलने वालों को मासूमियत से छेडते हैं। हालांकि, वे इस घटना पर खेद जताते हैं। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को बुधवार को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से नवाजा गया है। हिमाचल प्रदेश के पहाडी शहर धर्मशाला में उनके निवास पर 64 साल बाद रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत रूप से 15 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया है। दलाई लामा के कार्यालय ने कहा, ''अगस्त 15 में फिलीपींस में फाऊंडेशन द्वारा पवित्र धर्म की रक्षा में तिब्बती समुदाय के वीरतापूर्ण संघर्ष के लिए परम पावन को सामुदायिक नेतृत्व के लिए दिया गया यह पहला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार था जो उनके जीवन और संस्कृति की प्रेरणा है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, अपनी सादगी और विशिष्ट हंसमुख शैली के लिए जाने जाते हैं। वह धार्मिक नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेना पसंद करते हैं। चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स और उसके पत्रकारों ने भी इस मुद्दे को खूब उछाला और दलाईलामा के खिलाफ कई आपत्तिजनक पोस्ट की। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि दलाईलामा एक बेशर्म, बूढा, बदमाश और यौन पथभ्रष्ट है। क्या कोई उसके बचाव में कोई ठोस तर्क दे सकता है? क्या इन वीडियो को धोया जा सकता है? दलाईलामा समूह के लिए एकमात्र विकल्प चुप रहना है, दुनिया की आलोचना को सहना और इससे पार पाना है। उन्होंने बेशर्मी से बाहर आकर अपना बचाव किया है। पत्रकार 'हू जिजिन' ने दलाईलामा के खिलाफ कई फेक ट्वीट किए। उन्होने लेडी गागा के साथ दलाईलामा का एक भ्रामक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें उन्हें लेडी गागा के पैर छूते हुए देखा जा सकता है। दलाईलामा ने एक दोस्ताना रूप में लेडी गागा को छुआ था, जिसको गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया।

इसके अलावा उन्होंने एक अन्य ट्वीट में दलाईलामा और अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक एडिटेड तस्वीर पोस्ट की। वहीं चीनी माइक्रोब्लॉगिंग वैबसाइट विबो पर भी इस विवाद को हवा दी गई। चीन में दलाईलामा विवाद टॉप ट्रैंड में रहा। विबो पर हैशटैग टॉप ट्रैंड में रहा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से राजधानी नयी दिल्ली में वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि और विदेशों के लगभग 180 प्रतिनिधि और भारतीय बौद्ध संगठनों के 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दलाईलामा भी सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्हें सम्मेलन में शामिल होने से रोकने के लिए ट्विटर पर ट्रैंड कराया गया। इस प्रकार ट्रैंड की टाइमिंग से देख कर ऐसा लगता है कि ट्रैंड के द्वारा वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन और दलाईलामा दोनों को प्रभावित करना लक्ष्य था। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन में दलाईलामा की उपस्थिति को रोकने के लिए 18 और 19 अप्रैल को समान पोस्ट ट्वीट किए गए।

## दुबई में इस फेमस टेनिस स्टार के बेटे संग नजर आए सलमान खान



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद पर खरी नहीं उतर पाई है मगर अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए हाल ही में भाईजान दुबई पहुंचे थे। सलमान की दुबई ट्रिप की कई सारी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही है। इसी बीच अब एक्टर की एक नई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वो एक बच्चे के साथ पोज देते दिख रहे हैं।खास बात ये है कि सलमान खान के साथ फोटो क्लिक कराने वाला ये बच्चा फेमस इंडियन टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक का बेटा इजहान है। दुबई में सानिया के बेटे इजहान ने सुपरस्टार सलमान खान संग फोटो क्लिक कराई है। बच्चों के साथ भाईजान का हमेशा ही अलग बॉन्ड देखने को मिलता है और सलमान और इजहान की ये फोटो भी काफी प्यारी लग रही है। सामने आई फोटो में सलमान खान ब्लू जीन्स ब्लैक टी-शर्ट और सर पर ब्लैक कलर ही कैप लगाए नजर आ रहे हैं। वहीं, सानिया मिर्जा के बेटे इजहान फिरोजी कलर की ड्रेस सलमान के साथ बैठे में दिख रहे हैं। सलमान ने इजहान के सिर पर अपना सिर भी लगाया हुआ है। इजहान ही नहीं बल्कि इस दौरान भाईजान ने सानिया की बहन अनम मिर्जा संग भी फोटो क्लिक कराई है। अनम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो स्लाइड शेयर किया है जिसमें सलमान खान उनके और इजहान संग फोटो क्लिक कराते नजर आ रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए अनम ने कैप्शन में लिखा, पीओवी दुबई में 24 घंटे... आने वाले वीक में टफ वर्क के बाद रिचार्ज किया गया।' सलमान संग पोज देते हुए अनम वाइट टी-शर्ट और चश्मा लगाए दिखाई दे रही हैं। हालांकि इस दौरान सानिया मिर्जा कहीं नजर नहीं आ रही हैं। बता दें कि टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की काफी बड़ी फैन हैं।

>>> बॉलीवुड <<<

# फिल्म फेयर में शामिल ना हो पाने की वजह बताते हुए सामने आया विवेक अग्निहोत्री का ट्वीट, गुलशन देवैया ने किया रिएक्ट




फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने गुरुवार को घोषणा की कि वह फिल्मफेयर से किसी भी पुरस्कार को स्वीकार नहीं करेंगे, जहां उनकी 2022 की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित विभिन्न श्रेणियों में नामांकित किया गया था। कुछ घंटों बाद, अभिनेता गुलशन देवैया ने विवेक से यह पूछने के लिए ट्विटर पर लिया कि उन्होंने व्हाट्सएप पर अपनी संपर्क सूची में पुरस्कार समारोह में शामिल होने के लिए अपना विनम्र इनकार क्यों भेजा। मुंबई में गुरुवार को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया।एक समाचार लेख के बारे में विवेक के ट्वीट का जवाब देते हुए, जिसमें लिखा था, विवेक अग्निहोत्री ने विनम्रतापूर्वक अनैतिक, सिनेमा विरोधी पुरस्कारों का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। पता करें कि क्यों गुलशन देवैया ने कहा कि वह हमेशा विवेक के पाठ संदेशों को प्राप्त करने के लिए रोमांचित थे, लेकिन यह जानना चाहते थे कि एक पुरस्कार शो के खिलाफ अपने स्टैंड को बढ़ावा देने की क्या आवश्यकता थी।गुलशन ने गुरुवार को ट्वीट किया, श्प्रिय अच्छा सर, कोई शक नहीं...आपने ट्वीट कर अपना विनम्र इनकार किया और इसे व्हाट्सएप पर अपनी संपर्क सूची में भेज दिया। सौभाग्य से सर3 मैं आपकी सूची में हूं, इसलिए मुझे भी मिल गया। धन्यवाद (हाथ जोड़कर इमोजी)... हमेशा आपके टेक्स्ट प्राप्त करने के लिए रोमांचित लेकिन क्यों? नहीं, नहीं सर... मेरा मतलब है... आप कृपया कुछ भी ट्वीट करें जैसा आप चाहते हैं, लेकिन इसे व्हाट्सएप के माध्यम से अपने संपर्कों को क्यों भेजें?षगुलशन देवैया ने एक ताजा ट्वीट में विवेक अग्निहोत्री के व्हाट्सएप संदेश के बारे में बात की।इससे पहले गुरुवार को, विवेक ने साझा किया कि वह इस बात से परेशान थे कि 68 वें फिल्मफेयर अवाड्र्स के सर्वश्रेष्ठ निर्देशक नामांकित लोगों के पोस्टर को प्रकाशन द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया था, जिसमें निर्देशकों के बजाय नामांकित फिल्मों के अभिनेताओं के चित्र थे। ट्विटर पर साझा किए गए अपने बयान में, फिल्म निर्माता ने कहा कि वह इन अनैतिक और सिनेमा विरोधी पुरस्कारों का हिस्सा बनने से विनम्रता से मना कर देंगे। गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए संजय लीला भंसाली, भूल भुलैया 2 के लिए अनीस बज्मी, ब्रह्मास्त्र के लिए अयान मुखर्जी पार्ट वन- शिवा, ऊंचाई के लिए सूरज बड़जात्या और बधाई दो के लिए हर्षवर्धन कुलकर्णी के साथ सबसे प्रभावी निर्देशक वर्ग में नामांकित किया गया था। फिल्मफेयर के अनुसार, सितारों के अलावा किसी का कोई चेहरा नहीं है। कोई मायने नहीं रखता। इसलिए फिल्मफेयर की चापलूस और अनैतिक दुनिया में संजय भंसाली या सूरज बड़जात्या जैसे उस्ताद निर्देशकों का कोई चेहरा नहीं है। संजय भंसाली आलिया भट्ट की तरह दिखते हैं, सूरज मिस्टर बच्चन की तरह और अनीस बज्मी कार्तिक आर्यन की तरह। ऐसा नहीं है कि एक फिल्म निर्माता की गरिमा फिल्मफेयर पुरस्कारों से आती है लेकिन इस अपमानजनक व्यवस्था को समाप्त होना चाहिए। इसलिए, बॉलीवुड के एक भ्रष्ट, अनैतिक और चापलूस प्रतिष्ठान के खिलाफ मेरे विरोध और असहमति के रूप में, मैंने इस तरह के पुरस्कारों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है, विवेक अग्निहोत्री ने ट्वीट किया था।इससे पहले गुरुवार को विवेक ने ट्वीट किया था कि वह इस बात से परेशान हैं कि 68वें फिल्मफेयर अवाड्र्स के बेस्ट डायरेक्टर नॉमिनिज के पोस्टर सोशल मीडिया पर पब्लिकेशन द्वारा शेयर किए गए थे लेकिन इसमें डायरेक्टर्स की बजाय नॉमिनेटेड फिल्मों के एक्टर्स की तस्वीरें थीं. ट्विटर पर शेयर किए गए अपने बयान में, फिल्म मेकर ने कहा था कि वह श्इन अनैतिक और सिनेमा विरोधी पुरस्कारों का हिस्सा बनने से विनम्रता से मना कर देंगे. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के अलावा, द कश्मीर फाइल्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ पटकथा और सर्वश्रेष्ठ संपादन जैसी श्रेणियों में भी नामांकित किया गया था। विवेक द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म में कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के कथित पलायन को दर्शाया गया है। फिल्म ने फिल्मफेयर अवाड्र्स में कोई ट्रॉफी नहीं जीती।

# विदेश में तिरंगे का अपमान करने का इल्जाम लगने पर भड़के दलजीत दोसांझ, पंजाबी में लगा डाली फटकार



बॉलीवुड और पंजाब इंडस्ट्री के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ का विवादों से गहरा नाता है। आए दिन सिंगर किसी ना किसी वजह से विवाद में फंसे नजर आते हैं। एक बार फिर दिलजीत दोसांझ कोचेला म्यूजिक कॉन्सर्ट में परफॉर्मेंस के बाद विवादों में आ घिरे हैं। सोशल मीडिया पर सिंगर का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे लेकर कहा जा रहा है कि दिलजीत ने तिरंगे का अपमान किया है जिसे लेकर सिंगर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं। अपनी बेबाकी के लिए मशहूर दिलजीत दोसांझ ऐसे में कहा चुप बैठने वाले थे तो सिंगर ने भी सोशल मीडिया पर उनके बारे में फर्जी खबर फैलाने वालों को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। वैसे ऐसा पहली बार नहीं है अक्सर ही सिंगर खुद के खिलाफ गलत बातें फैलाने वालों की ऐसी ही क्लास लगाते हैं। इस मामले में राजनेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी सिंगर का सपोर्ट करते हुए ट्रोलर्स को फटकार लगाई है। दरअसल, सोशल मीडिया पर दिलजीत एक वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें वो भीड़ में तिरंगा लहराती एक महिला के बारे में बोलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कॉन्सर्ट के दौरान कहा, एह मेरे पंजाबी भाई भवन लेई, मेरे देश दा झंडा लाइके खादी आ कुड़ी, एह मेरे देश लेई, नेगेटिविटी टन बचाओ, म्यूजिक सारेयां दा सांझा। इसका मतलब है कि ये लड़की मेरे देश का झंडा लेकर चल रही है, मेरे सभी पंजाबी भाइयों और बहनों के लिए, ये मेरे देश के लिए है। निगेटिविटी से दूर रहें, संगीत सबका है। मगर सोशल मीडिया सिंगर के कमेंट को काटकर देश और झंडे के खिलाफ मैसेज के रूप में दिखाया जा रहा है। एक सोशल मीडिया यूजर ने दिलजीत को लेकर एक पोस्ट में लिखा, जब कोई अमेरिका में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान भारतीय तिरंगा लहराता है, तो दिलजीत दोसांझ आपत्ति जताते हैं। उन्हें कौन सा पासपोर्ट मिल रहा है खालिस्तान का शर्म आनी चाहिए उन भारतीयों को, जो ऐसे 2 कौड़ी के कलाकारों को सुनते हैं। अब इसी पर दिलजीत दोसांझ ने पलटवार करते हुए ट्वीट में लिखा, फेक न्यूज और नेगेटिविटी मत फैलाएं। माई कीहा एह मेरे देश दा झंडा है। एह मेरे देश लाई.. मतलब मेरी एह परफॉर्मेंस मेरे देश लाई। जे पंजाबी नहीं औंदी तन गूगल कर लिया करो यार। किन के कोचेला एक बड़ा म्यूजिकल फेस्टिवल आ ओथे हर देश तो लॉग औंडे ने। इसीलिए म्यूजिक सब दा सांझा है। सही गल नू पुथी किवे घुमौना कोई तुदे वारगेया तों सीखे एनु वी गूगल कर लेयो क्योंकि कोचेला एक बड़ा संगीत समारोह है, दुनिया भर से लोग वहां आते हैं इसलिए संगीत हर किसी के लिए है। अच्छी चीजों को मोड़ना सीखें। इसका मतलब है मैंने कहा ये मेरे देश का झंडा है, ये मेरे देश के लिए है। ये प्रदर्शन मेरे देश के लिए है। अगर आप पंजाबी नहीं समझते हैं, तो कृपया गूगल करें क्योंकि कोचेला एक बड़ा संगीत समारोह है, जिसमें दुनिया भर के लोग शामिल होते हैं। इसलिए संगीत सबके लिए है। सही शब्दों को कैसे घुमाना है, यह आप लोगों से सीखना चाहिए। इसे भी गूगल करें।

# बेटी की प्रि-मैच्योर डिलीवरी के बाद प्रियंका चोपड़ा का हुआ था बुरा हाल, एक्ट्रेस ने बताया ये किस्सा

**एक्ट्रेस ने कहा मालती के आने की गुड न्यूज के बाद निक ने उन्हें संभाला था। और निक प्रियंका की लाडली 100 दिनो तक आईसीयू से घर आईं तो एक्ट्रेस बेटी को देखने के लिए हर कुछ पल में उसके पास पहुंच जाया करती थीं। एक्ट्रेस ने कहा मैं एक वक्त के लिए शांत हो गई थी कि कैसे रियेक्ट करू मुझे याद है मैंने निक के कंधो पर सर रखा था.....**



बॉलीवुड इंडस्ट्री से लेकर हॉलीवुड इंडस्ट्री में अपना नाम बनाने वाली प्रियंका चोपड़ा आए दिन लाइम लाइट में बनी रहती है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती है। वही हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेटी के पैदा होने के बाद का एक्सपीरियंस शेयर किया है। एक्ट्रेस ने मालती के पैदा होने के बाद का एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया कि जब उनकी बेटी पैदा होने वाली थी तब उनका क्या हाल हो गया था। एक्ट्रेस ने कहा मालती के आने की गुड न्यूज के बाद निक ने उन्हें संभाला था। और निक प्रियंका की लाडली 100 दिनो तक आईसीयू से घर आईं तो एक्ट्रेस बेटी को देखने के लिए हर कुछ पल में उसके पास पहुंच जाया करती थीं। एक्ट्रेस ने कहा मैं एक वक्त के लिए शांत हो गई थी कि कैसे रियेक्ट करू मुझे याद है मैंने निक के कंधो पर सर रखा था, मैंने कहा बीएस मुझे बताओ क्या करना है। उस वक्त निक ने कहा बीएस मेरा हाथ पकड़ो और कार में बैठो, फिर वो मुझे हॉस्पिटल ले गए। प्रियंका ने आगे कहा वो कभी अकेले नहीं रही, जब से वो पैदा हुई है हम उसके साथ हमेशा रहते है। मुझे नहीं लगता ये हमारी परीक्षा थी,ये उकसी परीक्षा थी। मुझे पता था मेरे पास डरने का या कमजोर पड़ने का कोईऑप्शन नहीं है क्योकि मालती और डरी हुई है। वही बेटी के घर आने के बाद का एक्सपीरियंस शेयर करते हुए प्रियंका ने आगे कहा- आप जानते है कि आपका बच्चा जिंदा है क्योकि आप उनके दिल की धड़कन मॉनिटर पर देख सकते है। लेकिन जब वो घर आई तो मैं कई दिनों तक सो नहीं पाई क्योंकि अब अचानक वो बिना मॉनिटर के घर आ गई थी।मैं उसकी हार्ट बीट सुनने के लिए कान लगा देती थी, ये देखने के लिए कि वो ठीक है या नहीं जिससे वो तुरंत जाग जाती थी।

>>> बॉलीवुड <<<

## जान्हवी कपूर के गाऊन जिप हुई एन्ड मोमेंट पर खराब, गाड़ी में ही सिलवानी पडी ड्रेस

मुंबई में बीती रात जियो वर्ल्ड सेंटर में फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन किया गया। जोकि बेहद ही शानदार और बॉलीवुड सितारों से सजा हुआ मिला। इस अवॉर्ड फंकशन में सिनेमा जगत के कई सितारों ने शिरकत की जिन्होंने इस इवेंट में और भी चार-चाँद लगा दिए। इसमें एक्ट्रेस जान्हवी कपूर भी ग्लैमरस अंदाज में पहुंची थीं। जान्हवी कपूर ने इस साल फिल्मफेयर में परफॉर्म भी किया उनके परफॉरमेंस ने सबको उनका दीवाना ही बना दिया, लेकिन रेड कार्पेट पर जाने से पहले ही उनकी गाउन की जिप खराब हो गई और फिर उसे ठीक कराना पड़ा। जान्हवी कपूर ने खुद इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी और एक तस्वीर भी साँझा की। इस बात की जानकारी देते हुए जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ष्जब रेड कार्पेट पर जाने से पांच मिनट पहले और स्टेज पर परफॉर्म करने से 12 मिनट पहले आपके गाउन की जिप फट जाए.फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेरट पर जान्हवी कपूर पर्पल कलर के बेहद ही ग्लैमरस गाउन पहने हुए पहुंची थीं उनका बोल्ड अंदाज और न्यूड मेकअप सबका ध्यान उनकी ओर बखूबी खींच रहा था। जब जान्हवू कपूर वहां पहुंचीं तो सभी की निगाहें उन पर ही जा थमी। उन्होंने इस मौके पर गले में बेहद खूबसूरत डायमंड नेकलेस पहना हुआ था जिसकी वर्थ लाखो में बताई जा रही हैं। इस बार फिल्मफेयर अवॉड्र्स में आलिया भट्ट की फिल्म गंगुबाई कठियावाड़ी का जलवा रहा। आलिया को इस फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस और निर्देशक संजय लीला भंसाली को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला।



# गौरव खन्ना की वाइफ आकांक्षा चमोला को नहीं मिला रहा काम

टीवी शो अनुपमा से एक बार फिर लोगों के दिलों पर छाने वाले एक्टर गौरव खन्ना शो के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफके लिए भी काफी मशहूर हैं। उनकी लव लाइफ किसी से छिपी नहीं है। अक्सर एक्टर सोशल मीडिया पर अपनी बीवी के साथ मस्ती करते हुए नजर आते हैं। आपको बता दें, गौरव खन्ना की वाइफभी उन्ही की तरह टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। लेकिन जहां गौरव खन्ना इन दिनों अपने करियर की बुलंदियों पर हैं, वहीं आकांक्षा चमोला छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए बेकरार हैं। स्वरागिनी, गंगा यमुना और भाग्यलक्ष्मी जैसे हिट टीवी शोज में काम कर चुकी आकांक्षा कई सालों से छोटे पर्दे से दूर हैं। लेकिन अब आकांक्षा ने टीवी पर वापसी न करने की वजह का खुलासा किया है। आपको बता दें, आकांक्षा का कहना है कि वो टीवी पर वापसी तो करना चाहती हैं, लेकिन वो ऑडिशन में पास नहीं हो पा रही हैं।

एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि अब उनके पति गौरव खन्ना को ही प्रोड्यूसर बनकर शो को प्रोड्यूस करना पड़ेगा ताकि वो उनका कमबैक करा सके। मीडिया संग बातचीत में आकांक्षा ने कहा, मैं शोज किया करती थी, लेकिन अब मैं शोज करने का इंतजार कर रही हूं। कोई भी चीज मुझे टीवी से दूर नहीं रख रही है। मैं कई सारे ऑडिशंस देती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि लोगों का मेरा ऑडिशन पसंद नहीं आ रहा। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं फैंस से कहना चाहती हूं कि आप गौरव पर प्यार बरसाते रहिए और अब वो मेरे लिए शो प्रोड्यूस करेगा, क्योंकि मुझे नहीं लग रहा है कोई मुझे अपने शो में लेने वाला है। हालांकि, इसपर गौरव ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है।



हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार। (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK